भाद्रपद कृष्ण पक्ष-12, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 94 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
17 सितंबर 2023
रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

दोपहर मेट्रो

आज का मौसम
28 अधिकतम
23 न्यूनतम

जरूरत पड़ने पर ली जाएगी वायुसेना की मदद, सीएम ने अधिकारियों को दिए अतिवृष्टि के हालात से निपटने के निर्देश

राहतों के बीच आफतों का अंदेशा, सरकार का रतजगा, पांच जिलों में हालात खराब

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र के सभी जिलों में तीन दिन से बरस रहे बादलों से राहत मिली है तो आम जनजीवन को परेशानी भी शुरू हो गई है। सरकार भी इसे लेकर अब चिंतित है बीती रात करीब दो बजे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अत्यधिक वर्षा वाले जिले के अफसरों से वीडियो कांफ्रेस के जरिये बात की। उन्होंने कहा है कि जरूरत पड़ी तो वायुसेना की भी मदद ली जाएगी। बताया जाता है कि बैतूल, खंडवा, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, हरदा, उज्जैन, जबलपुर समेत कई जिलों में भारी बरसात से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। इसीलिये आपात बैठक बुलाई गई। बैठक में सीएम ने बुरहानपुर, अलीराजपुर, खरगोन, बड़वानी, धार जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और कमिश्नर इंदौर से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अतिवृष्टि के हालात से निपटने के लिए जरूरी निर्देश दिए। अफसरों ने भी बताया कि ओंकारेश्वर और इंदिरा सागर से पानी का डिस्चार्ज कम हुआ है। खरगोन में भी जलस्तर नीचे उतरने लगा है। सीएम ने कहा कि सरदार सरोवर लगातार भर रहा है, वहां भी सतर्कता बरती जाए। हार हाल में लोगों को सुरक्षित रखा जाए व सभी जरूरी व्यवस्था की जाएं। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा है कि फिलहाल तो स्थितियां नियंत्रण में है। अत्यधिक वर्षा के कारण खरगोन, खंडवा, बड़वानी, धार, बुरहानपुर, आलीराजपुर और इंदौर प्रभावित जिले हैं खरगोन, खंडवा, बड़वानी, धार और अलीराजपुर में लोगों को सतर्क किया गया है। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ की टीमें राहत व बचाव कार्य में लगी हुई हैं। अगर जरूरत पड़ी तो सेना और एयरफोर्स की भी मदद ली जाएगी।

रेल्वे ट्रैक की मिट्टी बही

रतलाम मंडल के पंच पिपलिया और अमरगढ़ के बीच रेल ट्रैक की मिट्टी बह गई। दिल्ली - मुंबई का अप रेल ट्रैक प्रभावित हुआ है। 24 ट्रेन को डायवर्ट रूट से चलाया जा रहा है। 4 को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। 7 ट्रेन निरस्त करना पड़ी हैं। उज्जैन के बड़नगर के सेमलिया गांव में बाढ़ में घिरे लोगों का रेस्क्यू किया गया।



भगवान के चारों मुख डूब गए: मंदसौर में इस सीजन में पहली बार शिवना नदी ने भगवान पशुपतिनाथ का अभिषेक किया। देर रात नदी का पानी मंदिर के गर्भगृह में पहुंच गया।

मजबूत सिस्टम से तरबतर मप्र: बंगाल की खाड़ी से उठे स्ट्रॉन्ग सिस्टम ने मध्यप्रदेश के 13 जिलों को सूखे से बाहर निकाल दिया है। छह जिले भोपाल, अलीराजपुर, नीमच, शाजापुर, दमोह, सिंगरौली रेड जोन से बाहर आने के मुहाने पर आ गये हैं। नीमच, मंदसौर, गुना, अशोकनगर, भोपाल, दमोह, रीवा, सीधी और सिंगरौली ही रेड जोन में हैं। यहां 20 प्रतिशत से 37 प्रतिशत तक बारिश कम हुई है। वहीं नर्मदा, शिप्रा, चंबल, कालीसिंध समेत सभी छोटी-बड़ी नदियां उफान पर आ गई हैं।

आज 21जिलों में अलर्ट: आज 21 जिलों में बारिश का अनुमान है। इंदौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर और धार में बारिश का रेड अलर्ट है।

सीएम लाड़ली बहना आवास योजना लांच, चार लाख परिवारों पर नजर

भोपाल, दोपहर मेट्रो। मप्र में आज मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना की लांचिंग की गई। इस मौके पर सीएम शिवराज सिंह ने कहा कि जैसे लाड़ली बहना योजना के फॉर्म भरवाए गए, वैसे ही हर गांव में इसके भी फॉर्म भरवाए जाएंगे। जल्द शहरों के लिए भी एक योजना लेकर आ रहे हैं। शहरों में अगर मल्टी बनेगी तो मकान बनाकर वहां दे देंगे। उन्होंने कहा कि लोगों को रोटी-कपड़ा के बाद सबसे बड़ी जरूरत मकान की होती है। लिहाजा ऐसे परिवार जिन्हें किसी भी सरकारी योजना में मकान नहीं मिला, जिनके पास पक्का मकान नहीं है या फिर दो कमरों तक के कच्चे मकान हैं, वे इस योजना के लिए पात्र होंगे। इसकी पात्रता के लिये परिवार की मासिक आमदनी 12 हजार रु. प्रतिमाह से कम होनी चाहिए। जबकि 2.5 एकड़ सिंचित, 5 एकड़ असिंचित जमीन वाले परिवार भी इस योजना के लिए पात्र होंगे लेकिन जिनके पास चारपहिया वाहन हैं, वे अपात्र होंगे। कार्यक्रम के दौरान सीएम शिवराज ने लाड़ली बहना आवास योजना के तहत पहली हितग्राही का ऑनलाइन आवेदन खुद भरा। गौरतलब है कि मप्र में विस चुनाव के ऐन पहले सरकार लगातार हर वर्ग के लिये नई योजना ला रही है। लाड़ली बहना योजना के तहत महिलाओं को मासिक धनराशि दी जाने लगी है तो करीब 90 लाखमहिलाओं को 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर की सुविधा दी गई है। अब आवास योजना से प्रदेश में 4 लाख 75 हजार से ज्यादा हितग्राही लाभान्वित होंगे। राज्य शासन ने योजना के हितग्राहियों के चयन करने संबंधी निर्देश जारी कर दिए हैं। हितग्राहियों से 17 सितम्बर से 5 अक्टूबर 2023 तक आवेदन पत्र प्राप्त किये जाएंगे।

पात्रता की शर्तें: मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना में वे परिवार शामिल होंगे, जिनके पास पक्की छत वाले मकान नहीं है। मोटरयुक्त चौपहिया वाहन न हो, परिवार का कोई सदस्य शासकीय सेवा में नहीं हो, परिवार का कोई सदस्य आयकरदाता नहीं हो।

कांग्रेस कार्यसमिति की हैदराबाद में चल रही है बैठक

सनातन पर दिग्विजय-बघेल ने किया अलर्ट, राहुल गांधी ने दी हिदायत

हैदराबाद, एजेंसी

कांग्रेस कार्यसमिति ने सनातन धर्म पर चल रहे विवाद से दूरी रखने पर चर्चा की है। बैठक में ही कांग्रेस के कुछ नेताओं ने इस मामले पर सतर्क रुख अपनाने और भाजपा के एजेंडे में नहीं फंसने की राय दी। खबरों के मुताबिक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और मप्र के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह समेत अन्य नेताओं ने भी सीडब्ल्यूसी में कहा कि पार्टी को ऐसे मुद्दों से दूर रहना चाहिए। इस पर बोलने से पार्टी को नुकसान होगा और भाजपा को फायदा। बताया जाता है कि राहुल गांधी ने भी अपने नेताओं को सनातन विवाद में शामिल नहीं होने को कहा है। उन्होंने कहा कि इसमें फंसने की बजाय गरीबों और उनके मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, क्योंकि वे पार्टी के पारंपरिक वोट बैंक हैं। हालांकि बैठक के बाद मीडिया ब्रीफिंग में चिदंबरम ने कहा, सनातन धर्म के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई है, क्योंकि खड़गे ने यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी सनातन धर्म के मुद्दे पर किसी भी विवाद में पड़ने को तैयार नहीं है। चिदंबरम ने कहा, मैं डीएमके के लिए नहीं बोल रहा हूं, लेकिन डीएमके कह चुकी है कि वह धर्म विरोधी नहीं बल्कि जाति उत्पीड़न और जाति व्यवस्था के साथ चलने वाले उत्पीड़न के विरोधी हैं।

इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर राष्ट्र को समर्पित

यशोभूमि समर्पित करने मेट्रो में सवार होकर पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

नईदिल्ली, एजेंसी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली के द्वारका में यशोभूमि नाम से इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर को राष्ट्र को को समर्पित किया। 8.9 लाख वर्ग मीटर से अधिक के परियोजना क्षेत्र और 1.8 लाख वर्ग मीटर से अधिक कंस्ट्रक्टेड एरिया में फैला यह सेंटर दुनिया की सबसे बड़ी बैठकें, प्रोत्साहन, सम्मेलन और प्रदर्शनियां सुविधाओं में शुमार होगा। इसमें 15 कन्वेंशन सेंटर और 11 हजार लोगों के बैठने की क्षमता है। इसके पहले चरण के उद्घाटन के साथ ही वह द्वारका सेक्टर-21 से द्वारका सेक्टर-25 तक दिल्ली एयरपोर्ट मेट्रो एक्सप्रेस लाइन के विस्तार का भी उद्घाटन भी हो रहा है। खास बात यह है कि मोदी धौलाकुआं से मेट्रो में सवार होकर द्वारक सेक्टर 25 के लिये आज रवना हुए तो मेट्रो में सवार मुसाफिर अवाक रह गये और उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई । आए. मेट्रो में पीएम के साथ सेल्फी लेने वालों का भी क्रेज दिखा।

संसद की नई इमारत पर ध्वजारोहण

नई दिल्ली, एजेंसी। संसद का विशेष सत्र कल सोमवार से शुरू हो रहा है। पांच दिन के सत्र को लेकर विपक्षी खेमे में पहले से बेचैनी है। इस बीच आज संसद के नए भवन पर उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले राष्ट्रीय ध्वज फहराया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के साथ ही दोनों सदनों में राजनीतिक दलों के नेता इस दौरान मौजूद रहे। राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे नए संसद भवन में ध्वजारोहण समारोह के दौरान उपस्थित नहीं रहे। खरगे अभी हैदराबाद में हैं जहां नवगठित कांग्रेस कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक चल रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने शनिवार को राज्यसभा महासचिव प्रमोद चंद्र मोदी को पत्र लिखकर समारोह में देर से निमंत्रण देने पर निराशा व्यक्त की थी। वहीं नई इमारत के गजद्वार पर राष्टीय ध्वज फहराने के दौरान मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी की अनुपस्थिति पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा, अगर मैं भी यहां उपयोगी नहीं हूं, तो मुझे बताएं मैं चला जाऊंगा।

अनंतनाग में छठे दिन भी एनकाउंटर जारी, पहली बार हेरॉन ड्रोन से ग्रेनेड बरसाए

श्रीनगर, एजेंसी। कश्मीर के अनंतनाग में रविवार को छठे दिन एनकाउंटर जारी है। सेना को गडूल कोकेरनाग के जंगलों में दो और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। शनिवार को सेना ने एक आतंकी को मारा गिराया था। अंधेरा होने के कारण रात में ऑपरेशन रोक दिया गया था। कोकेरनाग में सेना ने कल पहली बार किसी आतंकी ऑपरेशन में अपने सबसे एडवांस्ड ड्रोन हेरॉन मार्क-2 को अटैक के लिए उतारा। ड्रोन ने आतंकी को ढूंढ़कर उस पर ग्रेनेड फेंका, जिससे वह ढेर हो गया। मुठभेड़ के दौरान तेज बारिश में भी हेरॉन काम करता रहा। इसके अलावा क्वॉड कॉप्टर ड्रोन ने आतंकियों को खदेड़ने में मदद की। ये ड्रोन पांच तरफ से गोली और ग्रेनेड एक साथ बरसा सकता है।

मेट्रो एंकर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन आज

सफलता के पीछे छिपा संघर्ष, तब शाह स्कूटर चलाते थे और मोदी पीछे बैठते थे

नई दिल्ली , एजेंसी।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है। वे आज दुनियाभर में सफल राजनेता के रूप में पहचाने जाते हैं लेकिन उनकी सियासी यात्रा की शुरूआत बहुत मामूली तौर पर हुई थी और शिखर तक पहुंचने के पीछे उनाकी कहानी में कई मोड हैं, क्योंकि आमतौर पर लोग सफलता को पहचानते हैं लेकिन इसके पहले के संघर्ष को नहीं पहचानते। एनबीटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक एक वरिष्ठ पत्रकार ने मंच से ऐसा ही एक दिलचस्प किस्सा सुनाया। दरअसल, मोदी 1987 में पहली बार अपनी पहचान बना पाए थे। तब अहमदाबाद में म्युनिसिपल इलेक्शन हो रहा था। मोदी गुजरात में भाजपा महासचिव बनाए गए। अमित शाह तब अहमदाबाद सिटी के सचिव थे। यही वह चुनाव था जब मोदी-शाह की पहली बार मुलाकात हुई। वह हर गली, नुक्कड़ पर जाकर देख रहे थे कि सब भाजपा कैंडिडेट्स के पोस्टर दिखाई दे रहे हैं या नहीं। मोदी स्कूटर के पीछे बैठते थे और अमित शाह चला रहे होते। आज वह राजनीति के शिखर पर हैं लेकिन उनका संघर्ष आम लोगों के साथ-साथ नेताओं के लिये भी सबक है जो सफलता 'रेडीमेड' चाहते हैं। उस वक्त मोदी मास-लीडर नहीं थे। पटेलों के प्रभुत्व वाली गुजरात राजनीति में वह ओबीसी नेता के तौर पर जाने जाते थे। 95 में भाजपा पहली बार गुजरात में जीती थी। खानपुर में छोटा सा ऑफिस हुआ करता था। वरिष्ठ पत्रकार ने कहा मोदी बाहर बैठे खाखरा खा रहे थे और बड़े नेता जैसे शंकर सिंह वाघेला, केशुभाई पटेल और सुरेश मेहता अंदर के रूम में बैठे थे। उस जीत में मोदी का भी काफी योगदान था। जब पत्रकार ने पूछा तो उन्होंने कहा कि वे सब बड़े नेता हैं उन्हें बैठने दीजिए मैं यहां ठीक हूं। वास्तव में उन्हें मीटिंग में बुलाया ही नहीं गया था।

जितनी मात्रा में वोट उतनी मात्रा में करेंगे डिलीवर

जब 90 के दशक में भाजपा गठबंधन की सरकार बनी तो गठबंधन दलों का रवैया देख पूछा जाने लगा था कि क्या यह सरकार टिक पाएगी? तब एक न्यूज चैनल के स्टूडियो में नरेंद्र मोदी को आमंत्रित किया गया। पहला सवाल पूछा गया कि आपने अपनी विचारधारा के साथ समझौता किया है। मोदी ने जवाब दिया, आइडियोलॉजी का जहां तक सवाल है तो भाजपा ने कोई समझौता नहीं किया। 'हमने अपने मैनिफेस्टो में से एक भी चीज नहीं निकाली है। हिंदुस्तान की जनता ने हमको जितनी मात्रा में वोट दिया, उतनी मात्रा में ही डिलिवर कर सकते हैं। अगर हमको दो तिहाई बहुमत दिया होता तो हम धारा 370 को भी निकालने का निर्णय कर सकते थे। हिंदुस्तान की जनता ने हमको यही कहा है कि फिलहाल सबके साथ चलकर जो कॉमन चीजें हैं वो करवाइए।' आगे चलकर उनकी बात सच साबित हुई और पूर्ण बहुमत मिलने के बाद मोदी सरकार ने धारा 370 को समाप्त किया!

गणेशोत्सव का आगमन... प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार

भोपाल। गणेश उत्सव को लेकर राजधानी में मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को तैयार करने में जुटे हुए - फोटो निर्मल व्यास

छात्रवृत्ति और आवास सहायता के लिए वेबपोर्टल शुरू

भोपाल,दोपहर मेट्रो

जिले के सभी शासकीय, अशासकीय महाविद्यालय के लिए एनआईसी 2.0 पोर्टल वर्ष 2023-24 के आवेदन प्राप्त करने के लिए 31 दिसम्बर तक खोलने की व्यवस्था की गई है। प्राचार्य इस पोर्टल के माध्यम से अनुसूचित जातिध्जनजाति पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता योजना अंतर्गत नवीन एवं नवीनीकरण के आवेदन करा सकेंगे ताकि पात्र छात्र-छात्राओं को योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

नाराज पत्नी ने गिले-शिकवे मिटाकर की सेवा, हुआ ठीक

पति ने दिया शराब नहीं पीने का वचन निभाया भी, दंपति हुए एक

भोपाल,दोपहर मेट्रो

दंपति में विवाद और तलाक के कई मामले आप आए दिन सुनते और प?ते हैं, लेकिन थो?ी सी समझदारी और सामंजस्य से परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है। दंपति के बीच सुलह का ऐसा ही एक अनोखा मामला राजधानी में सामने आया है। मामले में जहां पत्नी ने पति के एक्सडेंट के बाद नाराजगी भुलाते हुए उसका साथ दिया और कोमा में गए पति को नया जीवन दिया, वहीं पति ने भी शराब न पीने का वचन दिया और उसे निभाया भी। जिसके बाद अपनी चार बेटियों के भविष्य की खातिर दंपति अपनी जिद को छो?कर और पुराने गिले-शिकवे मिटाकर एक हुए हैं। मामले में कुटुंब न्यायालय के जजों की अहम भूमिका रही।

यह है पूरा मामला

दरअसल, दंपति की शादी को करीब 20 साल हो गए हैं, लेकिन शादी सालों बाद दंपति के बीच विवाद इस कदर ब?ा कि चार बेटियों की फिक्र छो? दंपति अलग रहने लगे थे। बीते करीब चार साल से भरण-पोषण का केस कोर्ट में था। इसी बीच करीब आठ माह पहले शराब के नशे में पति का एक्सीडेंट हो गया। वह कोमा में चला गया। इस दौरान पत्नी ने उसकी सेवा की। होश में आने पर पति ने शराब न पीने का वचन दिया और उसे निभाया भी। हाल ही में लोक अदालत में दंपति ने कोर्ट पहुंचकर राजीनामा किया था। जिसके बाद अब दंपति साथ घर गए हैं।

हीमोफीलिया जांच की सुविधा हर मेडिकल कॉलेज में होगी: सारंग

मरीजो को एंबुलेंस से घर छोडने की भी सुविधा शुरू होगी

भोपाल,दोपहर मेट्रो

हीमोफीलिया फेडरेशन ऑफ इंडिया की दो दिनी बैठक शुरू हुई है। इसमें बीमारी के बारे में आम जागरूकता पर विचार विमर्श किया जाएगा एवं विभिन्न विषयों पर आपस में चर्चा होगी। बैठक का उद्घाटन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने किया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहले इस बीमारी की जांच की सुविधा मध्यप्रदेश में सिर्फ गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल में थी अब सरकार कुल मिलाकर लगभग 31 मेडिकल कॉलेज खोल रही है या खुल चुके हैं उन सब में भी इस बीमारी की जांच की सुविधा सरकार उपलब्ध करवाए करवाएगी एवं अन्य जो मरीज है उनके लिए सभी प्रकार सुविधा देने की सरकार कोशिश करेगी। पहले मरीज को 108 घर से लाने की अस्पताल तक सुविधा थी परंतु उनका अस्पताल से घर छोड़ने की सुविधा नहीं थी उन्होंने घर छोड़ने की सुविधा भी उपलब्ध करवाने का कहा ऐसी घोषणा मंत्री ने की।

NAT
HEMOPHILIA
RAM
OGRA

सचिव डॉ राजेंद्र निगम ने मंत्री का स्वागत किया एवं उनकी घोषणाओं के लिए धन्यवाद दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष राम रूप ने बताया कि 1986 में जब हीमोफीलिया फेडरेशन का गठन किया गया था कल 4 चैप्टर थे आज हुइसके संपूर्ण भारत में 93 चैप्टर हैं।

जहां बारिश के चलते स्कूलों की छुट्टी, वहां फिर होंगी त्रैमासिक परीक्षाएं

भोपाल,दोपहर मेट्रो

प्रदेश में भारी वर्षा होने के कारण कई जिलों में स्कूलों की छुट्टी कर दी गई है, ऐसे में स्कूलों में चल रही कक्षा 9वीं से 12वीं तक की मासिक परीक्षाएं भी स्थगित हुई हैं। जिसे देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग नए संबंधित जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों से ब्यौरा मांगा। इन जिलों हेतु त्रैमासिक परीक्षा की अलग से समय सारणी जारी की जाएगी और प्रश्नपत्र के 30 सेट विमर्श पोर्टल पर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसको लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने सभी जिलों के जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किए हैं।

अग्निशमन अफसरों ने बताए आग से निपटने के उपाय

सेवासदन अस्पताल में विश्व रोगी सुरक्षा दिवस मना

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में शनिवार को विश्व रोगी सुरक्षा दिवस पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अग्नि शमन अनुदेशक शक्ति तिवारी ने कर्मचारियों तथा सत्र में उपस्थित पदाधिकारियों को दुर्घटनाओं विशेषकर आग लगने की स्थिति में मरीजों की सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी। सत्र में अस्पताल के विभिन्न संवर्गों के कर्मचारीगण प्रबंधन ट्रस्टी एल.सी. जनियानी, कन्सल्टेंट कर्नल डॉ. मदन देशपाण्डे, कार्यपालन अधिकारी, पी.एस. राठौर, वरिष्ठ प्रबंधक कुशल धर्मानी तथा क्वालिटी कन्ट्रोल अनुभाग के प्रभारी मो. इमरान खान, फायर ब्रिगेड भोपाल के प्रभारी मो. इफ्तेखार खान विशेष रूप से उपस्थित थे। शक्ति तिवारी ने कहा कि दुर्घटना घटित होने के समय डरने के बजाय आपदा से बचाव के तौर तरीके अपनाने चाहिये। उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुरक्षित निकालने के तरीके बताये। श्री तिवारी ने कहा कि अग्नि दुर्घटनाओं से सम्पत्ति और जीवन की क्षति होती है लेकिन प्रभावित होने वाले लोग बिना डरे स्वयं को और सम्पत्ति को बचाने के प्रयत्न करें तो किसी हद तक सफलता मिलती है। श्री तिवारी ने कहा कि सुरक्षा की लक्ष्मणरेखा कभी पार नहीं करनी चाहिये वह ज्यादा जोखिमपूर्ण होती है। आग लगने से ज्यादा खतरनांक धुआं होता है इसलिए लोगों को अपने मुंह और नाक पर गीला कपड़ा रखना चाहिये। तिवारी ने कर्मचारियों को अग्निशमन यंत्र चलाने की विधि से अवगत कराया।

गौ सेवा कर मनाया राज ने जन्म दिन

हिरदाराम नगर. बजरंग सेना समिति के सदस्य अपना जन्म दिन सेवा कार्यों के बीच मनाते हैं। समिति के उपाध्यक्ष राज बिजोरिया ने शनिवार को संत हिरदारामजी की कुटियाकुटिया पर माथा टेका और गौ सेवा की। जरुरतमंदों को दूध एवं ब्रेड के पैकेट की सेवा की गयी। इसके बाद गणेशजी की प्रतिमाएं घर-घर जाकर दीं। इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण मौजूद रहे। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि 24 सितम्बर को मां काली मंदिर में गणेश बनाओ प्रतियोगिता में अव्वल आए। प्रतिभागियों को पुरस्कार से देकर सम्मानित किया। समिति के राज कुमार गर्ग ने बताया कि भगवान गणेश महाराज की मूर्तियों का वितरण किया जाएगा।

समाजसेवियों और विशिष्टजनों ने सेवा कार्यों को याद किया

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

पूज्य सिंधी पंचायत के संस्थापक व कई सामाजिक संस्थाओं से जुड़े रहे मोटूमल वासवानी की छठवीं पुण्यतिथि पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय में मनाई गई। पंचायत पदाधिकारियों ने वासवानी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए। पंचायत महासचिव माधू चांदवानी ने मोटूमल वासवानी की कार्य कुशलता पर प्रकाश डाला। पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने कहा कि वासवानी की निःस्वार्थ सेवा में निरुपण, गौ माता व पशु पक्षियों की सेवा की। वरिष्ठ कांग्रेस नेता नरेश ज्ञानचंदानी ने स्व वासवानी को गुणवान नेक इंसान बताया उनके चरित्र में प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पार्षद अशोक मारण, भाजपा नेता राहुल राजपूत, पंचायत उपाध्यक्ष जगदीश आसवानी, कोषाध्यक्ष गुलाब जेठानी, भाजपा नेता राम बसंल रेनवाल ने भी मोटूमल वासवानी के सेवा कार्यो की सराहना की। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वासवानी के पुत्र सुरेश वासवानी, पूज्य सिंधी पंचायत के पदाधिकारी नंद कुमार दादलानी, मोहन मीरचंदानी, गुलाब जेठानी, मोहन मीरचंदानी, माधव पारदासानी, घनश्याम लालवानी, रमेश वाधवानी, बसंत चेलानी आदि शामिल है।

गुम बुजुर्ग-बच्चों की मदद करेगा डिजी हेल्प लॉकेट

भोपाल,दोपहर मेट्रो

मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय मेले में लगभग 100 से अधिक स्टॉल्स लगाये गए हैं, जहां कॉलेज के छात्रों ने अपने इनोवेटिव आईडिया तैयार मॉडल्स को प्रदर्शित किया।

8वीं कक्षा छात्रा अनाहिता चर्तुवेदी का डिजी हेल्प लॉकेट गुम हुए बुजुर्ग-बच्चों की मदद करेगा। इस लॉकेट में लगे क्यूआर कोड से संबंधित व्यक्ति या बच्चे की पूरी जानकारी तुरंत मिलेगी। जिसमें घर का पता, परिजन का नंबर, स्वास्थ्य समस्या, दवाईयों की जानकारी भी रहेगी। वहीं इंदौर के शशांक की ऑन को डिटेक्टो मशीन से मुंह में होने वाली गंभीर बीमारी यानी ओरल कैंसर का पता लगाया जा सकता है। अभी तक अगर ओरल कैंसर को डिटेक्ट करना है तो बायोप्सी करानी पड़ती थी। मशीन की सहायता से इस गंभीर बीमारी को शुरुआती स्तर पर ही पता लगाया जा सकेगा। इस प्रकार के कई अनोखे मॉडल भेल दशहरा मैदान में चल रहे 10वें भोपाल विज्ञान मेले में आए हुए हैं, जिन्हे देखने के लिए रविवार को ब?ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंचे और उन्होंने विज्ञान के नवाचारों को करीब से देखा और समझा।

मेट्रो एंकर

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में विशेष कार्यक्रम

समाज में बदलाव के लिए छोटे प्रयास बनते हैं आंदोलन

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

समाज में परिवर्तन के लिए छोटे-छोटे कदम आगे चलकर बड़े आंदोलन का रूप ले लेते हैं। इस दिशा में समाज के सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। ये विचार थे यूनिसेफ इंडिया की प्रतिनिधि सिंथिया मैककैफ्रे के जो संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट में एक विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थी। यूनिसेफ के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के अलावा यूनिसेफ मध्यप्रदेश की फील्ड प्रमुख मार्ग्रेट ग्वाडा, यूनिसेफ एसबीसीसी स्पेशलिस्ट झिमली बरुआ, बिहेवियरल चेंज ऑफिसर मोनिका मौर्य एवं नरेंद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान की ओर से प्रो शालू पांडे ने सभी अतिथि अतिथियों को संस्थान के साथ यूनिसेफ की यात्राओं को विस्तार से बताया एवं कॉमिक फॉर चेंजए स्ट्रीट प्ले जैसी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

संत हिरदाराम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने यूनिसेफ के सहयोग से संस्थान के द्वारा गोद लिए गए गावों में कॉमिक फॉर चेंज कार्यशाला का आयोजन किया थाए जिसमें मेंस्ट्रूअल हाइजीन, क्लाइमेट चेंज, स्वच्छता अभियान एवं सेनिटेशन जैसे विषयों पर छात्राओं ने एवं गांव के बच्चों ने कॉमिक बनाए थे, जिसे सभी स्तर पर सराहा गया था एवं संस्थान को संस्कृति विभाग मध्यप्रदेश के द्वारा पुरस्कृत किया गया था। सभी अतिथियों ने कॉमिक फॉर चेंज एवं आर्ट फॉर चेंज प्रदर्शनी का अवलोकन किया। संस्थान की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। मोनिका मौर्य ने कॉमिक फॉर चेंज की यात्रा से परिणाम तक की दास्तान को वृत्त चित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया। सिंथिया ने संस्थान के अभिनव प्रयासों को सराहा एवं कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में वास्तविक परिवर्तन ला सकते हैं। उन्होंने छात्राओं के योगदान की विशेष रूप से प्रशंसा की एवं कहा कि किसी प्रबंधन संस्थान द्वारा किए सामाजिक सरोकार के लिए प्रयास सराहनीय हैं। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर हीरो ज्ञानचंदानी एवं डायरेक्टर डॉ. आशीष ठाकुर ने संस्थान को बधाई दी।

बहनों के सुख और सम्मान के लिए एक और बड़ा कदम

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना

शुभारंभ

मुख्यमंत्री

शिवराज सिंह चौहान

द्वारा

17 सितम्बर, 2023 । प्रात: 10:00 बजे
कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

D11105/23

पात्रता

- प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के आवास प्लस एप, पोर्टल पर पंजीकृत 3,78,662 परिवार जो भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल पर स्वत: रिजेक्ट हुए हैं
- एमआईएस पोर्टल पर दर्ज होने से छूटे एवं चिन्हित 97,000 परिवार
- वे परिवार जो जनगणना 2011 एवं आवास प्लस की सूची में शामिल नहीं हो पाये हैं तथा उन्हें केन्द्र या राज्य की किसी भी आवास योजना का लाभ नहीं मिला है
- जिनके पास पक्की छत वाला मकान न हो और कच्चा मकान दो से अधिक कमरे वाला न हो
- मासिक आय 12000 से अधिक न हो
- चौपहिया वाहन न हो
- परिवार में कोई शासकीय सेवा में या आयकर दाता न हो
- सिंचित भूमि 2.5 एकड़ तथा असिंचित कृषि भूमि 5 एकड़ से अधिक न हो

आवेदन कैसे करें

- आपकी ग्राम पंचायत में ही आवास के लिये फार्म उपलब्ध कराये गये हैं, उसे भरकर पंचायत में ही जमा करें और पावती प्राप्त करें
- फार्म के साथ आधार नम्बर, जॉब कार्ड (अगर उपलब्ध है), लाड़ली बहना का पंजीयन क्रमांक (केवल लाड़ली बहना योजना के हितग्राहियों के लिये) की आपके हस्ताक्षर से प्रमाणित प्रति आवश्यक है

आवेदन की अंतिम तारीख

- **17 सितम्बर 2023** से सभी ग्राम पंचायतों में आवेदन लेने की व्यवस्था की गई है
- **5 अक्टूबर 2023** तक आवेदन भरकर जमा किये जायेंगे

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

सशस्त्र सेना
झण्डा दिवस निधि
मध्यप्रदेश में दान दें

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

ऋषि सुनक और अक्षता: कितने ही रंग धनक के मन पर भी खिल सकते हैं..!

दीपाली अग्रवाल

एक प्रेमी का सपना क्या? कि किसी बारिश में प्रेमिका के साथ एक छतरी के नीचे खड़ा रहे, उसे देखता रहे। कितने गीत तो इस पर लिखे गए और कितने ही दृश्य फ़िल्माए गए और क्या कमाल कि सब कम पड़ता है।हर बार ये दृश्य वैसे ही ताज़ा लगते हैं जैसे क्षितिज से हर दिन कोई नया ही सूरज उगता हो। हर बार बारिश भी कुछ अलग ही संदेशे लेके आती है, वो होती भी इसलिए है कि लोग ऊपर की ओर आंख उठाकर देखें और महसूस करें कि कितने आयामों में और जिया जा सकता है, कितने रंग धनक के मन पर भी खिल सकते हैं आसमान पर ही नहीं। फिलवक्त, इजा़ज़त का गाना याद आ रहा है- एक अकेली छतरी में जब आधे-आधे भीग रहे थे,आधे सूखे, आधे गीले...।'

बात ठीक है जब छतरी एक और लोग दो हों तो आधे-आधे भीगेंगे ही लेकिन जब ऋषि सुनक अपनी पत्नी अक्षता के साथ आधे भीग रहे थे तो देखने वाले पूरा-पूरा आनंद रहे थे। हाल ही में ये युगल भारत आया, अक्षरधाम मंदिर गए और बारिश शुरु हो गई। वे छतरी थामे बाहर निकल रहे थे और कैमरामैन ने तस्वीर ले ली। तस्वीर अब अलग-अलग कैप्शन और नज़रिए के साथ वायरल है। लोगों को श्वेत-श्याम जमाने के राज कपूर और नरगिस भी याद आ गए- प्यार हुआ इक़रार हुआ..! अवसर था जब वसुधैव कुटुम्बकम के ध्येय वाक्य के साथ शुरु हुए जी20 की मेजबानी भारत ने इस साल की। 3 दिन तक कार्यक्रम की तस्वीरें, वीडियो और उन पर बने मीम सोशल मीडिया पर छाए रहे। सबसे ज़्यादा ध्यान खींचा ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता ने।

दरअसल, ऋषि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही चर्चा में बने हुए हैं। उनके कुछ बयान विवादित भी रहे हैं। भारत यूं तो उनकी ससुराल भी है। जब वे यहां पहुंचे तो प्लेन से एक तस्वीर और वायरल हुई थी जिसमें अक्षता अपने पति की टाई ठीक कर रही हैं। उस पर लिखा जाने लगा कि- दामाद जी अंगना हैं पधारे।

एक तस्वीर जो इतिहास के उस पार संजो ली गई

ऋषि और अक्षता पर वैसे भी लोगों का ख़ास ध्यान बना हुआ था। वे विदेशी होकर भी अपने से लगे। फिर जब उन्होंने कहा-मुझे हिन्दू होने पर बहुत गर्व है- तो उन सबको सांप सूंघ गया जो इस देश में रहकर भी इसे खुलकर स्वीकार करने में संकोच करते हैं। ऋषि ने ये भी कहा कि अभी मैंने अपनी बहनों से राखी बंधवाई है और मुझे अफसोस है कि यहां आने की भागदौ? में मैं जन्माष्टमी नहीं माना पाया। उनके ये बयान ध्यान खींच ही रहे थे कि वो दिल्ली की बरसती बारिश में अपनी पत्नी के साथ अक्षरधाम मंदिर पहुंच गए। फिर बारिश की तस्वीर ने सबका ध्यान खींचा।

एक सहज तस्वीर, बिना उद्देश्य के जिसमें राजनेता की राजनीति नहीं थी, और ना ही किसी पीआर की तलब। वे एक विदेशी मेहमान से अधिक प्रेमी नज़र आए, कुछ कुछ वैसे ही जैसे कोई लड़का ठंड में अपनी जैकेट उतारकर अपनी प्रेमिका को पहना देता है, किसी फ़िल्मि का सीन लगता है लेकिन असल में भी होना क्या मुश्किल है।जीवन की साधारण घटनाएं हैं पर लंबा असर छोड़ जाती हैं, इसलिए इस तस्वीर के साथ भी हर प्रेमी ने अपनी भावनाओं को जोड़ लिया होगा। फिर वो दुनिया के दो ताकतवर लोगों की एक आम तस्वीर है पर कई मायनों में ख़ास। भारतीय गरिमा पर हर तरह से ख़री उतरती हुई। सूट पहनी हुई एक लड़की जो दिल्ली में एक जगह पर अपने पति के साथ बारिश से निकलने की कोशिश में है या शायद कभी नहीं निकलने की कोशिश में?

जिंदगी अगर यूं ही प्रेम की मोहलत देती रहेगी तो फिर उससे बचना भी कौन चाहेगा। एक पूरे देश का कार्यभार संभाले हुए राजनेता बारिश में अपनी पत्नी के साथ खड़ा छाता थामे हुए हैं तो लोग भी अपने दिल को थामेंगे ही। मीडिया को पुराने गाने याद आ गए, लोगों को कैप्शन, किसी बिछड़े हुए को अतीत और कोई कल्पना में खोया होगा। जी20 तब कहां रहेगा ज़हन में, फिर भी वो इस अवसर की सबसे सुखद तस्वीर है।

कोई राष्ट्राध्यक्ष हो या फिर कोई अरबों रुपयों की मालकिन। दिल तो दोनों का यक सां ध?कता है। ये प्यार ही तो है जो उन्हें रोमांचित करता है। दुनिया के ताकतवर देशों के इस मिलन समारोह में प्यार ने अपनी ताकत दिखा ही दी। सबसे सौम्य पर सबसे ताकतवर। तमाम राजनीतिज्ञों की मीटिंग में, बड़े-बड़े फैसले, भूगोल पर चर्चा, धरती के चिंतन और तमाम बुद्धिमत्ता के बीच प्रेम ही था जो वायरल हुआ। प्रेम ही है जो वायरल होना चाहिए। यूं भी इस दुनिया में सादगी से बड़ा श्रृंगार नहीं है, सहजता से दीर्घ आकर्षण और प्रेम से विशाल ऊर्जा।

गरीबी, जेंडर और डोपिंग: देश की सबसे तेज़ भागने वाली महिला दुती चंद अब दौड़ने के लिए लड़ रही हैं लड़ाई

नूतन

भारत की सबसे तेज दौड़ने वाली महिला दुती चंद ने पिछले महीने जूते, हैंडबैग और कपड़े खरीदे थे लेकिन शॉपिंग बैग उनके भुवनेश्वर स्थित फ्लैट के बेडरूम में खुले पड़े हैं. उन्होंने पैसे बचाने के लिए अब कार से स्कूटर का रुख किया है। दुती अब ट्रेनिंग नहीं ले रही हैं। अब उनका एकमात्र मिशन है अपना नाम डोपिंग के आरोपों से मुक्त कराना। वह इस कलंक को मिटाना चाहती हैं और अपनी विरासत को स्वर्णिम बनाए रखना चाहती हैं क्योंकि वह 2024 में पेरिस ओलंपिक के बाद रिटायर होने की तैयारी कर रही थीं। अगस्त में 100 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाने वाली और एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाली दुती चंद पर दिसंबर 2022 में लिए गए नमूनों में प्रतिबंधित पदार्थ पाए जाने के बाद राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी द्वारा चार साल के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया है। वह इस प्रतिबंध को चुनौती देने की योजना बना रही हैं। दुती चंद स्विट्जरलैंड के लॉज़ेन में खेल पंचाट न्यायालय में इसे चुनौती देने की योजना बना रही हैं।

दुती लड़ाई से पीछे नहीं हटती और उनके पास इसे साबित करने के लिए लड़ाइयों से मिले कई निशान हैं।किसी खिलाड़ी के संघर्ष के बारे में बात करना घिसी-पिटी बात है, लेकिन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में चंद का सफल करियर कानूनी और व्यक्तिगत दोनों तरह की लड़ाइयों से भरा हुआ है। बहुत गरीबी से लड़ने (बचपन में वह कई दिनों तक भोजन के बिना रहा करती थीं) से लेकर, अपने लिंग को साबित करने तक (वह हाइपरएंड्रोजेनिज्म परीक्षण में विफल रही और उन पर 'पुरुष' होने का आरोप लगाया गया), और अपनी साथी को लेकर अपने परिवार के साथ संघर्ष तक (वह भारत की पहली समलैंगिक एथलीट हैं जो खुलकर सामने आई हैं); हर बार जब वह दुनिया के टॉप पर होती हैं, तो कुछ न कुछ उन्हें नीचे खींच लेता है।चंद ने कहा, मेरा जीवन ऐसा ही रहा है, मैंने अपने देश के लिए पदक जीते और कड़ी मेहनत की, लेकिन लड़ाइयां हमेशा मेरा इंतजार करती रहीं। एक एथलीट के रूप में 10 साल और 1,500 पदकों के बाद, चंद अगले साल पेरिस ओलंपिक के बाद रिटायर होने के लिए तैयारी में थीं। लेकिन चार साल का प्रतिबंध एक कड़वी गोली की तरह है। 5 और 26 दिसंबर को लिए गए नमूनों में एनाबॉलिक एजेंट/एसएआरएमएस शामिल थे। ये चयनात्मक एण्ड्रोजन रिसेप्टर मॉड्यूलेटर हैं, जो विश्व एंटी-डोपिंग एजेंसी की 2023 की गैर-निर्दिष्ट पदार्थों की निषिद्ध सूची के तहत सूचीबद्ध हैं. वह 3 जनवरी 2027 तक खेल से बाहर रहेंगी।दुती चंद ने कहा, मैंने बहुत मेहनत से अपना नाम बनाया और अब इस टेस्ट ने सब कुछ बर्बाद कर दिया। स्पॉन्सर्स से लेकर ट्रेनिंग मैदानों और शिविरों तक, मेरे पास कुछ भी नहीं है।

नवंबर 2021 में कैंसर का पता चलने के बाद से वह लगभग लगातार दर्द में हैं और इससे उनके प्रदर्शन पर असर पड़ा है. यह एक और युद्ध है जो वह अपनी ही कोशिकाओं के खिलाफ लड़ रही हैं, जो उनकी ही मांसपेशियों और आत्मा को तोड़ने की धमकी दे रही हैं। वो कहती हैं, दौड़ना ही मेरा जीवन है. मैंने आखिरी बार गुजरात में 2022 के भारत के राष्ट्रीय खेलों में भाग लिया था। मैंने 5वां स्थान हासिल किया। मैं दर्द के कारण बेहतर नहीं कर सकी। चंद को कमर से नीच के जगह में असहनीय दर्द के वे भयानक दिन याद आते हैं उन्होंने डॉक्टर से सलाह ली, लेकिन एक्स-रे में कुछ भी नहीं दिखा। तभी वह एमआरआई के लिए गई और पता चला कि उन्हें स्टेज 1 कैंसर है। बैन के बाद से वह अब नेशनल कैंप और बैठकों में भाग नहीं ले सकेंगी। उनके स्पॉन्सर्स ने उन्हें हटा दिया है। उन्हें पैसों की चिंता है, और सबसे बढ़कर अपने ट्रेनिंग सेशन्स सत्रों को याद करती हूं। चंद ने कहा, मैं पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी ट्रेनिंग शुरू करने वाली थी। मुझे नहीं पता कि दौड़ और ट्रेनिंग के बिना मैं क्या हूं और इसलिए वह सुबह होते ही उठ जाती है। वो कहती हैं, मैं हर सुबह 4.30 बजे उठती हूं लेकिन मेरे पास जाने के लिए कोई जगह नहीं है, आदत है। मेरी आँखें अब भी सुबह खुलती हैं। इसलिए वह बुनियादी एक्सरसाइज़ करने और फिट रहने के लिए अपने पड़ोस के जिम में जाती हैं। चांद अभी भी उन्हें याद दिलाने के लिए खेल के कपड़े पहनती हैं कि वह कौन है. वह गुलाबी टी-शर्ट के साथ काले प्यूमा लोअर्स की एक जोड़ी में भुवनेश्वर में अपने दो कमरे के फ्लैट का दरवाजा खोलती हैं। यह उनकी गुलाबी लिपस्टिक के साथ मेल खाते हैं। कमरे में कपड़ों के बंद बैगों पर प्यूमा का लोगो लगा हुआ है। वो कहती हैं, प्यूमा मुझे स्पॉन्सर कर रहा था लेकिन इस बैन के बाद कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू किया गया। मुझे बहुत उम्मीद थी कि नाडा का फैसला मेरे पक्ष में होगा और मैं यह सब ट्रेनिंग के लिए लाई थी। चंद ने बॉक्स से बिल्कुल नए, काले और गुलाबी जूतों की एक जोड़ी निकालते हुए कहा कि राज्य और केंद्र सरकार ने समय-समय पर उनकी आर्थिक मदद की है, लेकिन डोपिंग कांड के बाद से वह भी बंद हो गई है। प्रतिबंध से लड़ना उनके लिए सबसे कठिन लड़ाइयों में से एक हो सकता है, लेकिन चंद तैयार है. उनकी मुस्कान उज्ज्वल और दृढ़ है- और आशा से भरी है. वह वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर किरण रिजिजू और अनुराग ठाकुर जैसे मंत्रियों तक मदद के लिए हर दरवाजा खटखटा रही हैं लेकिन अभी तक उन्हें केवल अस्पष्ट आश्वासन ही मिले हैं। चंद ने उदास मुस्कान के साथ कहा, जब तक हम जीतते हैं, हर कोई हमारी मदद करता है, लेकिन जब बुरा समय आता है, तो हमें अकेले ही लड़ना पड़ता है। लेकिन वह तुरंत कहती हैं, लेकिन मेरे साथ लोगों का पूरा समर्थन है, मैंने कुछ भी गलत नहीं किया है और अब मुझे मदद मिलेगी।

ARJUNA AWARD
Dutee Chand

इसी सकारात्मक सोच के साथ वह रोजाना जिम जाती हैं और सुबह 5:30 से 9 बजे तक ट्रेनिंग करती हैं. और सालों में पहली बार, उसके पास रील्स और सोशल मीडिया में शामिल होने का समय है। इंस्टाग्राम उनकी पसंद का प्लेटफॉर्म है जहां वह अपने एक मिलियन फॉलोअर्स के लिए रील्स बनाती हैं। हाल ही में अपने वर्कआउट के बारे में इंस्टाग्राम पर एक क्लिप पोस्ट करने वाली चंद ने कहा, अब मेरे पास समय है, इसलिए मैं इसे सोशल मीडिया पर खर्च करती हूं, प्रशंसकों के संदेशों का जवाब देती हूं और कभी-कभी रील बनाती हूं। उनका इंस्टाग्राम हैंडल उनकी उपलब्धियों का संग्रह है. 2021 में, पटियाला में इंडियन ग्रां प्री IV में, चंद ने 11.17 सेकंड में 100 मीटर दौड़कर एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2014 में दो स्वर्ण पदक जीते, 2016 में एशियाई इंडोर चैंपियनशिप में 60 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक जीता, और 7.28 सेकंड का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। वास्तव में, 1986 में पीटी उषा के स्वर्ण पदक के बाद से 2018 एशियाई खेलों में उनकी 200 मीटर दौड़ ने इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक जीता 2019 में दुती चंद ने अपने माता-पिता को बताया कि वह एक लड़की से प्यार करती हैं. उन्होंने कहा, 2018 में समलैंगिक यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने के सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने मुझे अपने रिश्ते के बारे में सार्वजनिक रूप से बोलने के लिए प्रोत्साहित किया। उनके पारंपरिक परिवार को उनकी पसंद को स्वीकार करने में थोड़ा समय लगा, लेकिन उनकी बड़ी बहन सरस्वती के साथ संबंध खराब हो गए और अभी तक उनमें सुधार नहीं हुआ है। चंद ने कहा, मैंने सभी को मना लिया लेकिन उन्हें मेरी पसंद मंजूर नहीं थी और उनके बाद हमारे बीच अच्छे संबंध नहीं थे। उन्होंने ही ये खबर मीडिया में लीक की थी और इसके बाद मैंने अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात की थी। अपने रिश्ते के बारे में खुलकर बात करने के बाद दुती चंद अपनी साथी मोनालिसा दास को लेकर भारत दर्शन पर जाती रहती हैं। दुती चंद कहती हैं, पहले विधवाओं को दोबारा शादी करने की अनुमति नहीं थी और जातिगत भेदभाव कानूनी था। बदलाव धीरे-धीरे आएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि समलैंगिक विवाह को वैध बनाया जाएगा। जब दुती चंद सोशल मीडिया पर या समुद्र तट पर प्रशंसकों के साथ बातचीत नहीं कर रही होती है, तो चंद वर्षों में हासिल की गई अपनी उपलब्धियों और सम्मानों को याद करती है. वो कहती हैं, मैं लगभग हर बॉलीवुड स्टार से मिली हूं लगभग सभी ने मुझसे कहा कि मैं 'देश की असली हीरो हूं, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को गौरवान्वित करती हैं',' चंद ने झलक दिखला जा, कौन बनेगा करोड़ पति और अन्य शो के मंच से अपनी तस्वीरें दिखाते हुए कहा लेकिन उनका पसंदीदा वीडियो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनकी बातचीत है। 2021 में जब चंद ने टोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया तो मोदी ने कहा, दुती आपके नाम का मतलब चमक है और आप अपने खेल के माध्यम से रोशनी बिखेर रही हैं। दुती चंद कहती हैं, उन्होंने मुझसे कहा कि मैं रोशनी हूं और यह रोशनी आसानी से खत्म नहीं होगी।

साभार: द प्रिंट से आलेख के अंश...

अनुभूतियों से सराबोर चिट्ठियों की सोंधी महक

दीपिका अरोड़ा

पारंपरिक भावाभिव्यक्ति विधा द्वारा रिश्तों में आत्मीयता-बोध करवाने के उद्देश्य से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने मिशन 'निपुण' के अंतर्गत एक उत्कृष्ट पहल का बीड़ा उठाया है। अभियान का केंद्रीय विषय जहां भावी पीढ़ी को पत्र लेखन की समृद्ध परंपरा से परिचित करवाना है, वहीं रिश्तों के महत्व का अहसास दिलाना भी है। इसी के दृष्टिगत, सरकारी विद्यालयों में कक्षा तीन से पांचवीं तक के विद्यार्थियों को रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में अपने भाई-बहनों को पत्र लिखने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।लगभग छह लाख पत्र लिखवाने के विभागीय लक्ष्य में, पत्र लिखने संबंधी संख्या निर्धारित करने एवं लेखन अभ्यास में बतौर सहायक परिवारजनों का विशेष योगदान रहेगा।



रफ़्तार के युग से कदमताल मिलाती वर्तमान पीढ़ी के लिए भले ही अनौपचारिक पत्राचार आश्चर्य का विषय हो किंतु देश में आज भी ऐसे लोगों की कमी नहीं, जो पत्र लेखन विधा के ख़ासे मुरीद हैं। उनमें से बहुतेरों ने समय का वह स्वर्णिम दौर देखा है, जब साइकिल की घंटी टनटनाते हुए डाकिए का पधारना किसी आत्मीय के शुभागमन से कम सुखद नहीं जान पड़ता था। दूर-दराज बैठे संबंधियों का कुशल-क्षेम जानकर भावातिरेक में नयन सहसा ही छलक उठते। आत्मग्लानि के बोध में भीगी पाती अंतर में उलझी सभी गांठें खोल डालती। हल्दी-रोली से अलंकृत चिट्ठियां दूर ही से 'सर्वमंगलम्' का पूर्वाभास करा जातीं तो संक्षिप्त शब्दों में सिमटे तार होनी-अनहोनी की आशंका में कुलबुलाते हृदय धड़का जाते। समाचार कैसा भी हो; जुड़ाव का सर्वाधिक सरल, सुलभ एवं सशक्त माध्यम पत्र ही थे।

यद्यपि तकनीकी प्रगति ने पत्राचार को काफी हद तक प्रभावित किया तथापि भाव-प्रकाट्य के दृष्टिकोण से पत्राचार का महत्व आंकें तो प्रासंगिकता आज भी पूर्ववत् ही जान पड़ेगी। दरअसल, पत्र लेखन साहित्य की वह महत्वपूर्ण विधा है, जिसके द्वारा स्वभावतः अंतर्मुखी व्यक्ति भी निज हृदयोदगार सहजता से दूसरों तक सम्प्रेषित कर सकता है। व्यावहारिक जीवन में इसे सेतु की संज्ञा दे सकते हैं। एक अंग्रेज़ी विद्वान के अनुसार, 'जिस प्रकार कुंजियां बक्सा खोलती हैं, उसी प्रकार पत्र हृदय के विभिन्न पटल खोलते हैं।' पत्र लेखन अपने आप में एक प्रकार की कलात्मक अभिव्यक्ति है, जो व्यावसायिक पत्रों की अपेक्षा सामाजिक पत्रों में अधिक होती है। मानवीय विचारों के संप्रेषण में आज भी पत्राचार सशक्त भूमिका का निर्वाह करता है। शब्दों रूपी दर्पण से न केवल लेखक की व्यक्तिगत भावनाएं झलकती हैं अपितु उसका समूचा व्यक्तित्व ही प्रतिबिम्बित हो उठता है। संभवतः इसी कारण आधुनिक युग में पत्र लेखन को 'कला' की संज्ञा दी गई है। इनके माध्यम से होने वाली कलात्मक अभिव्यक्तियों को आधुनिक साहित्य में गौरवपूर्ण स्थान प्रदान किया गया। भले ही तकनीकी सुलभता के चलते आज हम पलक झपकते ही अपना संदेश लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंचा सकने का सामर्थ्य रखते हैं किंतु निश्छल भावों व स्वाभाविक विचारों का आदान-प्रदान स्वलिखित पत्रों द्वारा ही संभव हो पाता है। शाब्दिक सामीप्य की अनुभूति सीधे अंतर्मन में प्रविष्ट होकर अलसाई संवेदनाओं को नवस्फूर्त बना डालती है, यांत्रिक कृत्रिमता में अपनत्व के सोंधेपन की महक़ कहां?

कभी-कभार कोई पत्र भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बन जाता है। पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा 1928 में जेल प्रवास के दौरान बेटी इंदिरा को लिखे पत्र सभ्यता, मज़हब तथा भारतीय संस्कृति की सर्वाधिक सुंदर परिभाषा हैं। लेखन अभ्यास की सतत् प्रक्रिया वर्तनी व भाषा प्रयोग में वांछित सुधार लाते हुए भविष्य में अनेक साहित्यिक प्रतिभाओं को भी जन्म देगी। पारंपरिक अनुभूतियों से सराबोर पाती यदि समाज की भौतिकतावादी सोच को सारगर्भित दिशा दे पाए तो सामाजिक स्तर पर अशक्त होते संबंधों को कभी-कभार शाब्दिक घुट्टी पिलाने में हर्ज़ ही क्या है?

अगले 24 घंटे भारी वर्षा की आशंका के दृष्टिगत अधिकारियों को सतर्क रहने के दिए निर्देश.

तेज बारिश में बीच टापू पर फंसे 8 लोगों समेत 200 भेड़-बकरियों को सुरक्षित निकाला

सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो

दो रोज से लगातार हो रही भारी बारिश के चलते ग्राम बिसोनी कला की पोपवन्ती नदी के किनारे खेत में राजस्थान के जालोर जिले से आये गडरीये लगभग 200 भेड़ बकरियों को लेकर बीच टापू मे फस गये और चारो और पानी पानी भरा गया। इन लोगो को ग्रामीणजनों द्वारा एक दिन पहले आगाह किया लेकिन बाहर नहीं आये उसके बाद बड़ते जलस्तर को देखते हुए शनिवार को ग्रामीणों द्वारा रेसक्यू किया जिसमें डेरा के 8 सदस्यों सहित 70 भेड़ को सुरक्षित निकाल लिया गया था। उसके बाद एसडीआरएफ की टीम पहुँची जिन्होंने सुबह दस बजे से देर शाम पाँच बजे तक रेस्क्यू किया जिसमें 200 से अधिक भेड़ बकरियों के अलावा पांच ऊंट को सुरक्षित निकाला। जिसके बाद ग्रामीणजनों ने स्थानीय मांगलिक भवन में उनको रुकवाया और साथ राशन सामग्री उपलब्ध कराई। इस दौरान ग्रामीण राहुल परते समीद खा ग़रीबदास भूरा राजू दुलिचंद गुफ़रान स्माईल हरि सिंह राजेश और अन्य दर्जनों साथियों ने रेस्क्यू किया। वही थाना प्रभारी विवेक यादव अमृता दीक्षित प्लाटून कमांडर सहित पूरी टीम जनपद सदस्य जगदीश संचार सरपंच मोहन परते वीरेंद्र गुर्जर आयुष यादव घनश्याम पाँचरे सुखलाल लोवंशी सहित सेकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

इन लोगों का किया रेस्क्यू

रूपा जी पिता कैसा जी,संता पत्नी रूपजी अंजलि,कान्हा,मांगीलाल, सीता पत्नी मांगीलाल,अरविंद,रूपा पिता गमनालाल,जाति रेवाड़ी राजपूत जालौर राजस्थान।

टापू पर फंसे व्यक्तियों का होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के जवानों ने किया सफल रेस्क्यू

नर्मदापुरम। जिले में लगातार हो रही बारिश एवं तवा व बरगी बाँध से पानी छोड़े जाने के कारण कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में राहत एवं आपदा बचाव कार्य हेतु होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ की 06 क्यूआरटी टीम एवं 10 डीआरसी केन्द्रो की स्थापना की गई है। टीमो के द्वारा राहत बचाव कार्य एवं रेस्क्यू कार्य हेतु निचली बस्तियों में सतत निगरानी रखी जा रही है एवं जल भराव की स्थिति निर्मित होने पर प्रशासन द्वारा चिन्हित राहत शिविरों में भेजे जाने की तैयारी सतत रूप से की गई है। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड राजेश जैन ने बताया कि 16 सितंबर को तहसील शिवपुर के ग्राम बिसोनीकला में पोपवती नदी में बाढ की स्थिति निर्मित होने पर राजस्थान के विभिन्न ग्रामों से आए 8-10 व्यक्ति टापू पर फॅस गये थे, साथ में 300 से अधिक भेड़ें, बकरी आदि भी थे। जिसकी सूचना पर तत्काल डीआरसी पॉपनगॉव में तैनात सैनिकों के द्वारा ग्राम बिसोनीकला पहुचकर टापू पर फॅसे सभी व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना पर जिला मुख्यालय से भी एसडीईआरएफ की 06 सदस्यीय टीम को मय आपदा उपकरणों के घटना स्थल पर रवाना किया गया। एसडीईआरएफ टीम द्वारा टापू पर फॅसे सभी भेड़, बकरी अनुमानित संख्या 300-350 को सुरक्षित स्थान पर पहुचाया गया। रेस्क्यू के दौरान किसी भी प्रकार की जनहानि नही हुई।

पूरे रेस्क्यू कार्य में प्लाटून कमांडर अमृता दीक्षित, एसडीआरएफ टीम से मेराम, रूपेंद्र सौर, अजय यादव , केशव यादव, शिवकुमार, अभिषेक राजपूत एवं होमगार्ड बल चतुर्भुज और अखलीश ने सक्रिय भूमिका निभाई।

तेज बारिश से गंजाल नदी पर बना पुल हुआ क्षतिग्रस्त भारी वाहन निकल रहे हैं सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं

सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो

नर्मदापुरम और हरदा दो जिलों को जोड़ने वाला गंजाल और मोरन नदी के संगम पर बना ब्रिज शुक्रवार की रात आई बाढ़ से क्षतिगृस्त हो गया है। जहां तहां से डामर उखड़ कर बह गया है और ब्रिज के बीचों बीच ब्रिज के बड़े हिस्से का डामर उखड़ गया है । इस ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी किसी भी अधिकारी को नहीं है बल्कि भारी वाहनों का आना जाना जारी है । अब यह तो क्षतिग्रस्त ब्रिज की जांच करने के बाद ही ज्ञात हो पाएगा कि उसे ब्रिज की गंभीरता और स्थिति क्या है । शुक्रवार की रात करीब 9 बजे गंजाल नदी के ब्रिज पर बाढ़ का पानी आ गया था इसके बाद लगातार सुबह 8 बज तक ब्रिज से करीब 5 फुट ऊपर पानी बहता रहा । सुबह जब बाढ़ का पानी कम हुआ तो रात भर से रूके हुए वाहनों का आना जाना शुरू हो गया । बाढ़ के पानी के उतरने के बाद पता चला कि ब्रिज के बीचो बीच का हिस्साा डामर सहित उखड़ गया है । ब्रिज पर रैलिंग के लिए लगे पोल जहां तहां से उखड़ कर बाढ़ के साथ बह गये हैं । ब्रिज के नीचे की ओर भी मोरी दारार देखी जा रही है । इस क्षतिग्रस्ति ब्रिज से हल्के वाहनों के साथ साथ भारी वाहनों की आवाजाही भी निरन्तर जारी है।

अंग्रेजों के जमाने का बना है ब्रिज

क्षेत्र में हथेड़ नदी, कंदेली नदी और गंजाल नदी के पुल अंग्रेजों के समय के बने हुए हैं।जिनमें से नगर से लगी हुई कंदेली नदी पर तो नया पुल बना दिया गया है लेकिन क्षतिग्रस्त होने के बाद भी डोलरिया के पास हथैड़ नदी का पुल नया नहीं बनाया गया है।इसी तरह गंजाल नदी पर बना ब्रिज भी अत्यन्त जीर्ण शीर्ण स्थिति में पहुंच गया है। गंजाल नदी के ब्रिज के पास ही मोरन और गंजाल नामक बड़ी बड़ी नदियां आकर मिलती हैं इसलिए इस ब्रिज के ऊपर अचानक ही बाढ़ का पानी आ जाता है । दुर्भाग्यवश यदि यह ब्रिज आवागमन के योग्य नहीं बचता है तो इन्दौर खण्डवा मार्ग पूर्णतः बंद हो जायेगा ।

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने की जिले में वर्षा की स्थिति एवं प्रभाव की समीक्षा

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

आगामी 24 घंटे में भारी वर्षा की चेतावनी के दृष्टिगत सभी अधिकारी कर्मचारी सतर्क रहें। निचले इलाकों का निरंतर निरीक्षण करते रहें। आवश्यकता पड़ने पर निचले इलाकों के रहवासियों को राहत केंद्रों में भी शिफ्ट किया जाए। राहत केंद्रो पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं रहे इसका विशेष ध्यान रखें। यह निर्देश कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने सभी एसडीएम ,तहसीलदार, जनपद सीईओ ,सीएमओ एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। शनिवार को कलेक्टर ने कलेक्टरेट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिले में वर्षा की स्थिति एवं प्रभाव की तहसीलवर समीक्षा की। उन्होंने बारिश के कारण हुए नुकसान और प्रभावित लोगों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने सभी तहसीलदारों को निर्देश दिए कि अतिवर्षा से प्रभावित परिवारों का सर्वे कर उन्हें आरबीसी 6(4) के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए।

मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त लगभग 1000 शिकायतों का हुआ त्वरित समाधान

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

आवेदकों ने समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद.

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के किसानों, युवाओं, बेटियों, महिलाओं सहित हर वर्ग के उत्थान और उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए अनेक सार्थक जनकल्याणकारी योजनाओं संचालित की हैं। उन्होंने योजनाओं के सफल संचालन के साथ ही अंतिम पात्र व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ भी पहुंचे यह सुनिश्चित किया हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान प्रदेशवासियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही उनकी समस्याओं को भी दूर करने में दिन रात लगे हुए है.

नर्मदापुरम जिले के नागरिकों द्वारा मुख्यमंत्री श्री चौहान को समस्याएं भेजी जाती हैं। उन्हें मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन को प्रेषित कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए जाते हैं। विगत दिवसों में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नर्मदापुरम जिले की लगभग 1000 शिकायतों को निराकरण के लिए भेजा गया। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशन में पूरी संवेदनशीलता और गंभीरता के साथ तत्परतापूर्वक सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कराया गया। शिकायतों से संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा तत्काल समस्याओं का निराकरण के लिए शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत संपर्क किया गया तथा उनकी समस्या का संतुष्टिपूर्वक समाधान भी किया गया।

तहसील पिपरिया के ग्राम सर्राकिशोर के राम राजपूत द्वारा बिजली कटौती की शिकायत की गई थी,जिस पर एमपीपीईबी के अधिकारियों ने आवेदक से संपर्क किया तथा उनकी बिजली कटौती की समस्या को दूर करते हुए कृषि फीडर से 10 घंटे और घरेलू फीडर से 24 घंटे सप्लाई चालू की गई। नर्मदापुरम के ग्राम नीमसाडिया निवासी करण सिंह ठाकुर को तीन माह से राशन नहीं मिलने की समस्या पर खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा संपर्क कर आवेदक को तीन माह का राशन उपलब्ध कराया गया।

इसी प्रकार सोहागपुर के ग्राम निभोरा निवासी गयाप्रसाद कुशवाहा ने ग्राम में ट्रांसफार्मर जल जाने की शिकायत की जिस पर अधिकारियों ने कार्यवाही कर ट्रांसफार्मर बदला गया और विद्युत सप्लाई चालू की गई। सिवनीमालवा के ग्राम भांगिया निवासी हरिओम यदुवंशी ने ग्राम में पानी की समस्या की शिकायत पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अमले ने ग्राम में पहुंचकर खराब हैंडपंप को सुधार कर हैंडपंप चालू किया गया।

सीएमओ से 15 दिवस में चाही गई जानकारी की अपेक्षा की

सर्विस बुक में दर्ज उत्तराधिकारी की जानकारी देने में हर्ज क्या..?

नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो

नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की सर्विस बुक में दर्ज उत्तराधिकारी की जानकारी न मिलने से नगर पालिका मजदूर कर्मचारी संघ भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत अवमानना की कार्रवाई करने पर विचार कर रहा है. मजदूर कर्मचारी संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 76 के पालन में भारतीय संविधान से प्राप्त मौलिक अधिकारों को लेकर दिनांक - 03/08/2023 में कार्यालय नगरपालिका से जानकारी मांगी थी कि प्रथम नियुक्ति की स्थिति में कर्मचारी मनमोहन तिवारी, ओम प्रकाश रावत, गणेश कहार, स्वर्गीय महेश सोनी, स्वर्गीय उर्मिला नागवंशी के सर्विस रिकार्ड में परिवार से कौन सदस्य उत्तराधिकारी थे कि जानकारी न देकर भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 76 की अवमानना की गई है जानकारी न देने के अभाव में उक्त अधिनियम में प्रावधान हैं कि संबधित अवमानना करने वाले के विरूद्ध भारतीय दंड सहिता आईपीसी की धारा 166, 166, 188, 420, 260 के अंतर्गत पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करने की जा सकती है.

नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम में सूचना का अधिकार अधिनियम का पालन नहीं किया जाता है और जानकारी नहीं दी जाती हैं प्रथम व द्वितीय अपील की कार्यवाही में बहुत समय व पैसा दोनो बर्बाद होते है इसलिए भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई थी. इसकी भी अवमानना नगरपालिका के द्वारा करके स्वतः ही आईपीसी की धाराओ के तहत अवसर प्रदान किया गया है. कर्मचारी संघ ने नगरपालिका के सीएमओ नवनीत पांडे से निवेदन व अपेक्षा की है कि जो जानकारी दिनांक- 03/08/2023 आवेदनपत्र के माध्यम से मांगी गई है पन्द्रह दिवस की समयावधि में उक्त संपूर्ण जानकारी दी जावे।

मेट्रो एंकर

तीन महिला सहित 35 से अधिक प्रतिभागियों ने दौड़ाई 75 किलोमीटर सायकल

सैलानियों ने सतपुड़ा की वादियों में साईक्लिंग का उठाया लुत्फ..

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश में साहसिक गतिविधियों के विकास के लिए प्रमुख सचिव पर्यटन शिव शेखर शुक्ला के निर्देशन में लगातार विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में एक जिला एक उत्पाद के तहत जिले में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के अनुक्रम में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा द जिप्सी एडवेंचर के माध्यम से मढई-तवा साइक्लिंग का आयोजन किया गया , सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में प्रातः 7 बजे एमपीटी बाइसन रिर्साट से सभी प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की शुरुआत की, साइकिलिंग के दौरान प्रतिभागियों में खासा उत्साह रहा , प्रतिभागियों ने प्राकृतिक सौंदर्य का लुफ्त उठाया।

दिल्ली जबलपुर नागपुर पुणे बरेली इंदौर नर्मदा पुरम हैदराबाद मंदसौर के प्रतिभागी रहे शामिल

मढ़ई-तवा साइक्लिंग का हुआ भव्य आयोजन

मढ़ई -तवा साइकिलिंग का फ्लैग ऑफ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर एल कृष्णमूर्ति द्वारा किया गया साथ ही संयुक्त संचालक एडवेंचर डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, स्थानीय सोहागपुर जनपद सीईओ संजय अग्रवाल , साडा अध्यक्ष कमल धूत भी मौजूद रहे।

75 किमी दूरी तय की

संयुक्त संचालक एडवेंचर डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि साइकिल टूर में दिल्ली,जबलपुर, बरेली, नर्मदापुरम, भोपाल, हैदराबाद, मंदसौर, पूणे, नागपुर, इंदौर इत्यादि स्थानो के 35 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा भाग लिया गया। जिसमें 3 महिला प्रतिभागी भी थी। यह साइकिल टूर का मढ़ई से तवा के बीच सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन से, उर्दो , पठाई, परसापानी इको जंगल कैंप, सफेद माटी, तवा डैम , नया काजरी होते हुए ग्रीनएस्केप्स रिजॉर्ट मढ़ई में ही समापन हुआ। साइकिलिंग में 75 किलोमीटर की दूरी तय की गई । उक्त साइकिल टूर में रेडबुल एवं डेकाथलोंन जैसी संस्थाएं स्पॉन्सर रही। साथ ही सभी प्रतिभागियों ने मध्यप्रदेश टूरिस्म को इस शानदार साइकिल इवेंट के लिए आभार भी व्यक्त किया।

दोपहर मेट्रो
Help Line
राम राजा सरकार जागरण ग्रुप
देवी जागरण
भजन संध्या, सुंदरकाण्ड
किसी प्रकार के संगीतमय प्रोग्राम के लिए सम्पर्क करें
Arc & Structure
New Age Building Construction & Its Solution
- All type of Planning Work
- Residential, Commercial & Industrial Projects
- Structural, Elevation & Interior Designing
- Estimation & Costing Work
101, First Floor, Eco Heights, Sector, Kolar Road Bhopal (M.P.)
8319508868

पुलिस की दबिश में जिला वक्फ कमेटी के सहसचिव सहित कई पकड़े

लाखों रुपए का जुआ हजारों में तब्दील होना बना चर्चा का विषय!

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

बीती रात सिरोंज पुलिस ने जुआ खेलने वालो की धर पकड़ की जिसमे जिला वक्फ कमेटी के सहसचिव सहित कई लोगो को पुलिस ने जुआ खेलते पकड़ा जिसके बाद थाने में अप. क्रं. - 390/23/धारा - 13 जुआं एक्ट की कार्रवाई की पर पुलिस द्वारा लाखों के जुए को हजारों में बताना जन चर्चा का विषय बना हुआ है पुलिस ने जिन लोगो को पकड़ा उनमें

1- सुनील शर्मा पिता बारेलाल शर्मा आयु 37 वर्ष निवासी रामलला पथ सिरोंज, 2- पवन भार्गव पिता श्री नारायण भार्गव आयु 45 वर्ष निवासी कठाली वाजार सिरोंज, 3- सुमित साहू पिता भगवानदास साहू आयु 20 वर्ष निवासी दिल्ली दरवाजा सिरोंज, 4-वकील खां पिता वाहिद खा आयु 35 वर्ष निवासी छिपेटी वाजार सिरोंज, 5-शाहरूख कुरैशी पिता वादशाह कुरैशी आयु 25 वर्ष निवासी टोरी मोहल्ला सिरोंज, 6-खिजर अली पिता कमर अली आयु 34 वर्ष निवासी किडी मोहल्ला सिरोंज, 7-साविर खा पिता हसीन खा कुरैशी आयु 25 वर्ष निवासी रकावगंज सिरोंज, 8-अशफाक खा पिता मोहम्मद खा आयु 28 वर्ष निवासी किडी मोहल्ला सिरोंज, 9-अरमान पिता नब्बू खां आयु 30 वर्ष निवासी नयापुरा सिरोंज है जिनके पास से

जप्त सामग्री में 52 ताश के पत्ते नगदी 81000 रूपये बताई - गौरतलब है की 15.09.2023 को मुखबिर द्वारा जुआं की सूचना प्राप्त होने पर थाने से पुलिस रवाना होकर कालामहल पहुंची राहगीर पंचान को मुखविर सूचना से अवगत कराकर साथ लेकर मुखविर व्दारा बताये स्थान कालामहल सिरोंज पहुंची तो देखा व पंचानों को दिखाया कि पवन भार्गव के मकान के पीछे वाडे मे बिजली के बल्ब की रोशनी में कुछ लोग ताश पत्तों से रूपये पैसों की हारजीत का दाव लगा कर जुआ खेलते दिखे जिन्हे पंचान व फोर्स की मदद से पकडा नाम पता पूछा तो उन्होने अपना अपना नाम 1- सुनील शर्मा पिता बारेलाल शर्मा आयु 37 वर्ष निवासी रामलला पथ सिरोंज, 2- पवन भार्गव पिता श्री नारायण भार्गव आयु 45 वर्ष निवासी कठाली वाजार सिरोंज, 3- सुमित साहू पिता भगवानदास साहू आयु 20 वर्ष निवासी दिल्ली दरवाजा सिरोंज, 4-वकील खां पिता वाहिद खा आयु 35 वर्ष निवासी छिपेटी वाजार सिरोंज, 5-शाहरूख कुरैशी पिता वादशाह कुरैशी आयु 25 वर्ष निवासी टोरी मोहल्ला सिरोंज, 6-खिजर अली पिता कमर अली आयु 34 वर्ष निवासी किडी मोहल्ला सिरोंज, 7-साविर खा पिता हसीन खा कुरैशी आयु 25 वर्ष निवासी रकावगंज सिरोंज, 8-अशफाक खा पिता मोहम्मद खा आयु 28 वर्ष निवासी किडी मोहल्ला सिरोंज, 9-अरमान पिता नब्बू खां आयु 30 वर्ष निवासी नयापुरा सिरोंज के होना बताया। जिनके पास व सामने फड़ से कुल 81000 रूपये, 52 ताश के पत्ते मिले जिन्हें पंचान सदर के समक्ष विधिवत जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार किया गया आरोपीगणों का कृत्य धारा 13 जुआ अधिनियम का दंडनीय पाया जाने से थाना सिरोंज में अपराध क्रं. 390/2023/धारा 13 जुआं एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। सराहनीय भूमिका उनि. राकेश रघुवंशी, प्र.आर.733 अमित मिश्रा, आर.515 संतोष, आर.842 सुनील, आर.464 मिथुन ठाकुर द्वारा संपूर्ण कार्यवाही में सराहनीय भूमिका निभाई।

कलेक्टर एसपी ने भी सभा स्थल का लिया जायजा स्ट्रांग रूम भी देखा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

शनिवार को कलेक्टर उमाशंकर भार्गव, एसपी दीपक शुक्ला, एसपी समीर यादव ने भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा में आ रहे असम के मुख्यमंत्री की जनसभा स्थल का जय लेकर सुरक्षा के संबंध में एसडीम हर्षल चौधरी ,एसडीओपी उमेश कुमार त्रिपाठी को दिशा निर्देश देते हुए किया की सुरक्षा के इंतजाम पूरे किए जाएं साथ उन्होंने भाजपा नेताओं से भी सभा स्थल के संबंध में जानकारी लेकर पूछा की कितनी जनसंख्या में लोग आएंगे और रूट चार्ट क्या रहेगा विधायक प्रतिनिधि रमेश यादव ने सभा स्थल में हुए बदलाव के बारे में भी कलेक्टर एसपी को अवगत कराया इससे पहले दोनों अधिकारियों ने हेलीपैड का जायजा लिया साथ उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान बनने वाले स्ट्रांग स्ट्रांग रूम परीक्षण करके के तैयारीयां देखी निरीक्षण करने के बाद एसडीएम को दिशा निर्देश दैते हुए कहा कि समय से पहले सभी व्यवस्थाएं कर ली जाए जिससे कि उस समय किसी भी तरह की परेशानी ना हो।

दो दिनों से बिजली की अघोषित कटौती से उपभोक्ता परेशान

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

दो दिनों से घंटो बिजली की कटौती से उपभोक्ताओं से लेकर व्यापारियों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में 5 से 6 घंटे बिजली गुल रहने से बिजली से संचालित होने वाले उद्योग भी ठप्पे हो गए हैं। पानी की किल्लत भी हो रही है कई घरों में बिजली नहीं होने से पानी भी नहीं आ पाया उन्हें पानी के लिए दो-चार होना पड़ा। कृषि यंत्र ठीक करने वाले और यंत्र बनाने वाले व्यापारियों को बिजली कटौती से आर्थिक नुकसान का सामना भी करना पड़ रहा है। जानकारी होने के बाद ही बिजली वितरण कंपनी के जिम्मेदारियां के द्वारा इस कटौती को रोकने के लिए ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जहां से लाइन फाइट हो रही है और जिसके बग में लगे बड़े-बड़े बसौ से टकराने से समस्या उत्पन्न हो रही है उनको काटने का काम भी बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी नहीं कर पा रहे हैं। शनिवार को काटने गई मशीन को बाग वाले व्यक्ति ने काटने से रोक दिया। इसके बाद भी संबंध व्यक्ति किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हुई। जल्दी ही लाइन के फाइट को ठीक करने के लिए बांसों को नहीं काटा गया तो इसी तरह शहर में बिजली की लुका छुपी होती रहेगी उपभोक्ताओं को बिजली कटौती की परेशानी का सामना करना पड़ेग।

कल आएगी जन-आशीर्वाद यात्रा-तैयारियों को लेकर हुई बैठक

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

प्रदेश संगठन द्वारा प्रदेशभर में निकाली जा रही जनआशीर्वाद यात्रा सोमवार को सिरोंज पहुँचेगी। इस जनआशीर्वाद यात्रा की आमसभा को संबोधित करने असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा शर्मा हेलीकॉप्टर से यहाँ पहुँचकर बस स्टैंड के समीप सुहाग गार्डन में आयोजित आमसभा को संबोधित करेंगे। सड़क मार्ग से जनआशीर्वाद यात्रा लेकर पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया लटेरी से सिरोंज पहुँचेंगे। इसके उपरांत यह जन आशीर्वाद यात्रा सुबह दस बजे पुराने बस स्टैंड से डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुरू होगी। जो बसस्टैंड से होती हुई पालीवाल कॉलोनी स्थित सुहाग गार्डन में पहुँचकर आमसभा के रूप में परिवर्तित होगी। सभा के उपरांत भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया एवं स्थानीय विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में रोड शो होगा। यह यात्रा बस स्टैंड, थाना,मंशापूर्ण कॉलोनी,तहसील रोड, जटाशंकर से होते हुए शमशाबाद की ओर प्रस्थान करेगी। यात्रा के मार्ग में विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में भी भव्य स्वागत की तैयारियां संगठन द्वारा की जा रही है।

बारिश को देखते हुए भाजपा नेताओं ने आमसभा स्थल का किया मुआयना

जन-आशीर्वाद यात्रा की व्यापक तैयारीयों के संदर्भ में शुक्रवार रात्रि में क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने सिरोंज-लटेरी विधानसभा क्षेत्र के पांचों मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक लटेरी रोड स्थित संस्कार गार्डन में आयोजित की। बैठक में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने विस्तार से चर्चा कर रूपरेखा तैयारी की गई। स्थानीय संगठन ने बारिश के मौसम को देखते हुए सुरक्षा कारणों से पूर्व में आमसभा के लिए तय बसस्टैंड के स्थान पर सुहाग गार्डन परिसर में आयोजन करने का निर्णय लिया है।

क्षेत्र में भव्यता एवं दिव्यता से निकले जन-आशीर्वाद यात्रा-उमाकांत शर्मा - इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने व्यवस्थाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सिरोंज-लटेरी क्षेत्र में प्रदेश स्तरीय जन-आशीर्वाद यात्रा भव्यता एवं दिव्यता के साथ अच्छी तरह से निकले इस हेतु सभी मंडल कार्यकर्ताओं को अपने-अपने दायित्वों को निर्वहन अच्छी तरह से करना है साथ ही पूरे समय अपने निजी वाहनों से यात्रा में सम्मिलित रहना है। यह हमारा सौभाग्य है कि जन-आशीर्वाद यात्रा में देश के महान नेता एवं असम के मुख्यमंत्री हिमता बिस्वा जी शर्मा हमारे क्षेत्र की धरती पर पधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चमकते हुए सूर्य है, और देश के नेता उनके नक्षत्र हैं। आज मोदी जी के खिलाफ सभी विपक्षी दल एक होकर देश की प्रगति में बाधक बनने का कार्य कर रहे हैं साथ ही लोगों को आपस में लड़ा रही हैं। लेकिन देश की जनता के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान पर पूर्ण विश्वास है, उन्होंने सभी धर्म, जाति एवं वर्ग के कल्याण हेतु योजना बनाकर कार्य किया है। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मणसिंह वघेल, जितेन्द्र वघेल ने यात्रा के संबंध में भाजपा संगठन से प्राप्त पत्र का वाचन किया।

जनसहयोग से बदल रहा मुक्तिधाम का स्वरूप

सब कुछ करेंगे सुव्यवस्थित : उमाकांत शर्मा

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

मोक्षधाम सेवा समिति द्वारा लटेरी रोड स्थित मुक्तिधाम परिसर में शनिवार को वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर आयोजित इस बहुउद्देश्यीय पर्यावरण के संरक्षण ओर मुक्तिधाम परिसर के सौंदर्यीकरण को लेकर आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने भी सहभागिता कर पीपल के पौधे का रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने समिति की सूचना पर मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम में एक वृक्ष पूर्वजो के नाम से आयोजन में सहभागिता करने पहुँचे नगर के नागरिकों को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि आज विश्व ओजोन दिवस भी है समिति ने आज इस अवसर पर इस पवित्र स्थान पर पर्यावरण की दृष्टि से बहुउपयोगी कार्यक्रम आयोजित किया है। प्रकृति की ओजोन परत हमारी सुरक्षा कवच है जो सूर्य की हानिकारक किरणों से हमें बचाती है इसे नष्ट होने से बचाना हम सबकी महत्ती जिम्मेदारी भी है। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में जनसहयोग से कराए जा रहे विकास कार्य समिति को भी धन्यवाद देते हुए कहा कि शहर में व्यवस्थित मुक्तिधाम बनाने की दिशा में समिति अच्छा काम कर रही है इसी प्रकार से नगर के अन्य मुक्तिधामो के विकास की दिशा में भी योजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने समिति की माँग पर नगरपालिका अध्यक्ष को परिसर की बाउंड्रीबाल बाल बनाने के भी निर्देश दिए।

पचास हजार रुपए सहयोग देकर प्रवेश द्वार का किया

विधायक श्री उमाकान्त जी शर्मा की प्रेरणा से प्रारम्भ हुए मुक्तिधाम परिसर के सौंदर्यकरण एवं निर्माण कार्य के गतिविधि एवं समिति द्वारा जनसहयोग से किए गए निर्माण कार्यो के प्रगति पत्रक की जानकारी समिति के सदस्य सचिन शर्मा ने नागरिको को दी। इस मौके पर विधायक शर्मा ने अपनी ओर से पूर्व में एक लाख रुपये सहयोग की घोषणा की थी जिसमे से उन्होने पचास हजार रुपये भी समिति के सदस्यों को प्रदान किए। उन्होंने नगर के समाजसेवी कन्हैयालाल गर्ग की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा निर्माण कराए गए प्रवेश द्वार का भी अनावरण करते हुए अन्यों द्वारा भी जनहित में करवाए गए कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों एवं समिति के सदस्यों ने सहभागी होकर पीपल,आंवला, कदम,नीम, बरगद सहित फूलदार पौधों का रोपण किया। ओर श्रमदान अभियान चलाकर परिसर की स्वच्छता की। इस अवसर पर विधायक श्री उमाकांत जी शर्मा ने शहर में अन्य प्रकार के पर्यावरण रक्षण के आवश्यक कार्य सम्बधी भावी कार्यक्रमों की जानकारी से भी अवगत कराया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी अरविंद जैन,महेश गर्ग, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,रामप्रकाश साहू,राजेन्द्र गोयल,लक्ष्मण कटियार,अनिल

मेट्रो एंकर

आसपास के दुकानदारों रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है

सड़क ठेकेदार की लापरवाही जारी ,पलटी लोडिंग गाड़ी

सिरोंज, दोपहर मेट्रो

कायाकल्प योजना के तहत बन रही लिंक रोड की सड़क का मामला राजधानी तक पहुंचाने के बाद भी कछुआ चाल को मार देकर भोपाल के ठेकेदार के द्वारा इसको बनाने का काम किया जा रहा है। ठेकेदार की मनमर्जी के कारण वाहन चालकों से लेकर आसपास के दुकानदारों रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। क्योंकि ठेकेदार के द्वारा सड़क के दोनों साइड खोद कर छोड़ दी है।इसकी वजह से वाहनों को साइड देते हुए वाहन पलट जाते हैं। शनिवारवार को भी इसी मार्ग पर एक लोडिंग वाहन पलट गया गनीमत रहेगी जिस समय लोडिंग ऑटो पलटा उस समय वहां पर कोई मौजूद नहीं तो नहीं तो जान नानी भी हो सकती थी दूसरी ओर एसडीएम से लेकर आल अधिकारी निर्देश के बाद भी कछुआ चाल की तरह ही निर्माण कार्य सड़क का हो रहा है।

बेबाक खबर हर दोपहर
दोपहर मेट्रो
अपने कारोबार-उत्पाद को आगे बढ़ाएं दोपहर मेट्रो के साथ
विज्ञापनों के लिए संपर्क करें
प्रधान कार्यालय 182 - ए शाहपुरा (मनीषा मार्केट के पास) भोपाल
फोन नं.- 0755-4917524, 0755-2972022

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, राजधानी संभाग क्रमांक-2
लोक निर्माण विभाग,ई-5, अरेरा कालोनी भोपाल
दूरभाष -0755-2465467

क्रमांक 25/ व.ले.लि./ सी2/ 2022-23 भोपाल दिनांक 08.09.2023

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http :// mptenders.gov,in पर देखा जा सकता है।

क्र.एन.आई.टी क्र.	सिस्टम टेण्डर नं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु. लाखों में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	भोतिकरूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय
1. 136SACdt 08.09.2023	2023_cpA_ 304773	राजधानी उपसंभाग क्र.9 लो.नि.वि के अन्तर्गत राजीव गांधी प्रद्यौगिकी विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न निर्माण कार्यों के शेष कार्य एवं मरम्मत कार्य	रु. 135.oo लाख (रु एक करोड	रु. 1,35,000	रु 12,500/	केवल ऑनलाईन प्रस्तुत करना है

उपरोक्तवेबसाईट से ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डॉक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिमतिथि 29/09/2023 सायं 5.30 बजे निधारित है। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
राजधानी संभाग क्रमांक-2
लोक निर्माण विभाग
ई-5 अरेरा कालोनी, भोपाल
दूरभाष-0755-2465467

G-19789/23

एशिया कप फाइनल: 'टॉस बनेगा बॉस'

भारतीय क्रिकेट टीम के मिशन 2023 का पहला पड़ाव यानी एशिया कप का फाइनल मैच घरेलू टीम श्रीलंका के साथ आज कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच होने वाला यह मुकाबला पूर्व निर्धारित तय दो दिवसीय वनडे (रिडर्व डे प्रावधान) के तहत होने वाला है। दरअसल टूर्नामेंट में मात्र इसी मैच के लिए रिड़र्व डे की घोषणा की गयी थी, लेकिन यकायक भारत-पाक मुकाबले के लिए इसके प्रयोग ने एशिया क्रिकेट कार्उसिल को तमाम सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है। अगर हम आज होने वाली अहम भिड़ंत की बात करें तो फिर श्रीलंका अपने पिछले मुकाबले में पाकिस्तान को हराकर आ रही है। वहीं,टीम इंडिया को अपने पिछले मैच में बांग्लादेश टीम से प्रयोगों के सिलसिले की वजह से हार का सामना करना पड़ा था। भले ही टीम इंडिया इस मैच में अपनी बेंच स्ट्रेंथ के साथ उतरी थी,लेकिन रोहित शर्मा का टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला टीम की बल्लेबाजी को रात की रोशनी में स्कोर चेस करने में अपनी ताकत परखना था।इस बात का कप्तान ने टॉस जीतने के बाद दिए बयान में साफ तौर पर बोला भी था। मतलब साफ है कि उनके दिमाग मे अपनी मजबूत बल्लेबाजी को फिरकी के सामने अंडर लाइट्स अब भी वो विश्वास नहीं है जो दिन की रोशनी में बिना लक्ष्य वाली पहले बल्लेबाजी में है। बांग्लादेश के खिलाफ मिली शिकस्त के बाद कप्तान को राहत देने वाली बात यह है कि इस टीम में वह बिना कोहली, पंड्या और ईशान किशन के मैदान में उतरे थे,लेकिन श्रीलंका के खिलाफ फिरकी खासतौर से बांये हाथ के वेलालागे ने जिस तरह बल्लेबाजों की कमजोर नस को उजागर किया था।उस पर टीम इंडिया के दिग्गज इस बार कैसे वार करते हैं यह मैच में निर्णायक रहने वाला है।इसकी खास वजह यह है कि फिरकी के खिलाफ टीम इंडिया के दिग्गज की यह कमजोरी पिछले कई मौकों पर देखी गयी है। वहीं अगर हम दोनों टीमों की एकादश पर नजर डालें तो फिर एक ओर जहां श्रीलंका को तीक्षणा की कमी बेहद खलने वाली है वहीं टीम इंडिया के लिए अक्षर पटेल का चोटिल होना टीम इंडिया के लिए फायदेमंद प्रयोग साबित हो सकता है, क्योंकि अक्षर पटेल की जगह टीम में वॉशिंगटन सुंदर को शामिल किया गया है। एशिया कप से लेकर वर्ल्ड कप तक की टीम इंडिया में एक ऑफ स्पिनर की कमी शुरू से अटपटी लग रही थी,क्योंकि ज्यादातर टीमों में बांये हाथ के कई बल्लेबाजों की मौजूदगी है। अब टीम मैनेजमेंट के सामने यह बड़ी चुनौती रहेगी कि वॉशिंगटन सुंदर को टीम में लाए या शार्दुल ठाकुर को बरकरार रखे।वैसे प्रेमदासा स्टेडियम में फिरकी गेंदबाजों को काफी मदद मिलती है। शार्दुल की तुलना में सुंदर अच्छी बल्लेबाजी कर लेते हैं। ऐसे में उनका पलड़ा भारी लग रहा है।अगर वाकई में इस तरह का यह प्रयोग किया जाता है अगर इसका फायदा कुछ हद तक टीम इंडिया को मैच में मिलता है तो फिर वर्ल्ड की टीम इंडिया में इस प्रयोग समायोजन किया जा सकता है।मतलब साफ है कि टीम इंडिया के मिशन वर्ल्ड कप 2023 के लिहाज से एशिया कप फाइनल के मायने कितने अहम हैं। रोहित सेना की नजर भले ही आठवीं बार चैंपियन बनने पर है,वहीं शनाका की कप्तानी वाली घरेलू श्रीलंका टीम इस बार जीत हासिल कर 7वीं बार खिताब अपने नाम कर भारतीय टीम के बराबर एशिया कप चैंपियनशिप जीतने का रिकॉर्ड दर्ज करना चाहेगी। श्रीलंका की टीम में कप्तान शनाका असलांका, दुनिथ पथिराना, कुसल मेंडिस घरेलू मैदान पर हमेशा से ही बेहद खतरनाक रहे हैं लेकिन अगर टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा टॉस के मामले में इस मैच में भाग्यशाली रहते हैं तो फिर बांग्लादेश से मिले सबक के बाद वो पहले बल्लेबाजी करने में इस बार कोई प्रयोग करने की चूक शायद नहीं करेंगे।वहीं श्रीलंका के कप्तान भी टीम इंडिया के खिलाफ पहले बल्लेबाजी कर ताकतवर मजबूत भारतीय बल्लेबाजों को फ्लड लाइट की रोशनी में अपने फिरकी जाल में उलझाने की फिराक में रहेंगे।कुल मिलाकर सौ बात की एक बात है कि एशिया कप के फाइनल में टॉस की भूमिका काफी हद तक निर्णायक रहने वाली है।

आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

मनोरंजन बॉलीवुड का कोना

एक्टर शाहरुख बोले-

'जिस दिन मेरी फिल्म रिलीज होती है, उस दिन ईद होती है'

शाहरुख खान की अगली फिल्म डंकी के पोस्टपोन होने की अटकलों के बीच एक्टर ने फिल्म की रिलीज डेट पर बात की है। मुंबई में फिल्म जवान की सक्सेस मीट के दौरान शाहरुख ने कहा जिस दिन मेरी फिल्म रिलीज होती है उस दिन ईद होती है। उन्होंने ये भी कहा कि इस साल क्रिसमस-न्यू ईयर के बीच उनकी अगली फिल्म डंकी रिलीज हो सकती है। राजकुमार हिरानी फिल्म के डायरेक्टर हैं। अब तक ये माना जा रहा था कि फिल्म की रिलीज 2024 तक बड़ा दी गई है। दरअसल, कुछ ही दिनों पहले प्राइम वीडियो पर पठान की स्ट्रीमिंग शुरू हुई है। वहीं हालिया रिलीज हुई फिल्म जवान साल के अंत तक ओटीटी पर आ सकती है। ऐसे में फिल्म मेकर्स डंकी के लिए नई रिलीज डेट प्लान करने की तैयारी में जुटे थे। अब शाहरुख ने कहा है कि हमने साल की शुरुआत 26 जनवरी को पठान की रिलीज के साथ की।

आगे भी इसी तरह मेहनत करूंगा

शाहरुख खान ने आगे कहा- मैं इस साल उतनी मेहनत कर रहा हूं जितनी मैंने पिछले 29 सालों में भी नहीं की। और मैं आगे भी ऐसे ही मेहनत करता रहूंगा क्योंकि अब जब मैं लोगों को अपनी फिल्मों के बाद खुश देखता हूं तो मुझे उनसे भी ज्यादा खुशी होती है। मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानता हूं, क्योंकि मैंने बहुत लंबे समय से काम नहीं किया था। शाहरुख खान ने कहा- मैं शुरुआत में थोड़ा नर्वस था और मुझे सेट पर वापस फॉर्म में आने में भी समय लगा लेकिन मैंने हर चीज को पॉजिटिविटी के साथ डील किया। मैंने करीब 3 सालों के लंबे गैप के बाद सेट पर काम किया और ये फीलिंग बहुत नई थी। मुझे इस बार बहुत अलग महसूस हो रहा था। मुझे लगता है ऊपर वाले ने पठान के समय मेरा बहुत साथ दिया और उसके बाद जवान के समय में मेरा बहुत साथ दिया।

डायरेक्टर अनुराग बोले-

कंगना रनौट का टैलेंट कोई नहीं छीन सकता पर...

फिल्ममेकर अनुराग कश्यप और एक्टर जीशान अय्यूब इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'हड्डी' को प्रमोट करने में जुटे हुए हैं। एक इंटरव्यू में अनुराग और जीशान ने कंगना रनोट के साथ काम करने पर बात की। बातचीत में जीशान ने कहा, 'एक वक्त था जब बतौर एक्टर कंगना टॉप पर थीं।' इस पर अनुराग बोले, 'वो कमाल की एक्ट्रेस हैं। जब काम की बात आती है तो वे बहुत ही ईमानदार हैं। हां, उनके साथ कुछ और परेशानियां हैं। पर जब बात उनके टैलेंट की हो तो वो उनसे कोई नहीं छीन सकता।'

कंगना के साथ डील करना मुश्किल है

अनुराग ने आगे कहा, 'जो बतौर एक्टर उनके पास है वो कमाल है। वो अपनी ईमानदार क्रिटिक भी हैं, पर उनके साथ डील करना बहुत मुश्किल है। अनुराग ने कंगना के साथ फिल्म 'क्वीन' में काम किया था। उन्होंने कंगना को फिल्म 'सांड की आंख' भी ऑफर की थी पर एक्ट्रेस ने इसे रिजेक्ट कर दिया था। बाद में इस फिल्म पर तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर ने काम किया था। वहीं जीशान और कंगना साथ में 'तनु वेड्स मनु', 'तनु वेड्स मनु रिटर्न्स' और 'मणिकर्णिका' जैसी फिल्में कर चुके हैं। फिल्म 'हड्डी' में अनुराग ने विलन का रोल प्ले किया है। इसमें वे नवाज के अपोजिट नजर आ रहे हैं।

पिता चलाते हैं फूड फेंचाइजी, लेकिन हुमा ने चुनी अलग दुनिया

हुमा कुरैशी ने 2012 की गैंग्स ऑफ वासेपुर से डेब्यू किया था। हुमा एक ऐसी फैमिली से हैं, जिनका दूर-दूर तक फिल्म इंडस्ट्री से कोई ताल्लुकात नहीं था। जैसा कि हुमा ने पहले बताया कि उनके पिता का फूड का बिजनेस था। उनकी सलीम रेस्टोरेंट नाम से दिल्ली में कई फ्रेंचाइजी चलती हैं। हुमा के पिता चाहते थे कि हुमा भी फैमिली बिजनेस संभालें। हालांकि, हुमा को कुछ और ही मंजूर था। हुमा मॉडलिंग करने के लिए मुंबई चली गईं। उनके साथ उनके भाई साकिब सलीम भी थे। साकिब भी अब फेमस एक्टर बन चुके हैं। हुमा ने पहला ऐड वीडियो अभिषेक बच्चन के साथ शूट किया था। मेहनताने के तौर पर उन्हें 5 हजार रुपए मिले थे। हुमा की किस्मत तब खुली जब अनुराग कश्यप ने उन्हें गैंग्स ऑफ वासेपुर के लिए साइन किया। इसके दोनों पार्ट्स में वे नजर आईं। हुमा ने इस फिल्म में बिहारी लड़की का रोल इतना उम्दा किया कि लोग उन्हें बिहारी ही समझने लगे थे। ये अलग बात है कि हुमा कभी बिहार गई ही नहीं थीं। उन्हें कभी ये महसूस नहीं हुआ कि वे एक मुस्लिम परिवार से आती हैं। उनके साथ कभी कोई भेदभाव नहीं हुआ। हुमा ने अपनी फिल्म तरला के प्रमोशन के दौरान एक इंटरव्यू में ये बात कही। हुमा से पूछा गया कि भारत में मुसलमानों की स्थिति कैसी है। क्या भारत के मुसलमानों को हाल के दिनों में किसी प्रकार की समस्या उठानी पड़ रही है। हुमा ने कहा कि उनके साथ कभी दोहरा व्यवहार नहीं हुआ है। हुमा ने कहा कि उनके पिता दिल्ली में 50 साल से आराम से एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। उनके परिवार को कभी ऐसा कुछ फील नहीं हुआ। मैं अपने पर्सनल एक्सपीरिएंस से कहती हूं कि मुझे कभी कुछ अलग नहीं लगा। हो सकता है कि कुछ लोगों को लगता हो।

भारत और श्रीलंका के बीच आज होगा मुकाबला

दोनों टीमें एशिया कप के फाइनल में 8वीं बार होगी आमने-सामने

कोलंबो, एजेंसी

एशिया कप-2023 का फाइनल मुकाबला भारत और श्रीलंका के बीच रविवार को खेला जाएगा। इसकी शुरुआत कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाएगा। यहां भारत के पास 5 साल का खिताबी सूख खत्म करने का मौका होगा, जबकि डिफेंडिंग चैंपियन श्रीलंका अपने खिताब का बचाव करना चाहेगी। दोनों टीमें एशिया कप के वनडे फॉर्मेट के फाइनल में 8वीं बार आमने-सामने होंगी। इससे पहले खेले गए 7 फाइनल में से 4 भारत ने जीते, जबकि 3 में श्रीलंका को सफलता मिली।

ओवरऑल भारत और श्रीलंका के बीच 166 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं। भारत ने 97 और श्रीलंका ने 57 मैचों में जीत हासिल की है। 11 मैच नो रिजल्ट और एक मैच टाई रहा है।

कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम

शुभमन गिल टूर्नामेंट में भारत के टॉप स्कोरर

टीम इंडिया के ऑलराउंडर अक्षर पटेल चोटिल हो गए हैं। उनकी जगह वॉशिंगटन सुंदर को फाइनल के लिए कोलंबो में बुलाया गया है। हालांकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसके लिए अब तक कोई बयान नहीं जारी किया है। एशिया कप 2023 में भारत के लिए ओपनर शुभमन गिल टॉप स्कोरर रहे हैं। वहीं, कुलदीप यादव टॉप विकेट टेकर हैं। वहीं कोलंबो में मंगलवार को बारिश की 90 फीसदी आशंका है। तापमान 31 से 25 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम की पिच आमतौर पर स्पिनरों के लिए मददगार रही है, साथ ही यहां बल्लेबाजों को भी अच्छी मदद मिलती है। दूसरी ओर, तेज गेंदबाजों को इस मैदान पर मुश्किल होती है। बैटिंग डिपार्टमेंट में भारतीय टीम श्रीलंका से मजबूत दिख रही है। टॉप ऑर्डर में रोहित-गिल-कोहली अच्छी फॉर्म में हैं। चोट से लौटे केएल राहुल, किशन और पंड्या बीच में रन बना रहे हैं, जबकि शार्दूल-जडेजा लोअर ऑर्डर में बैटिंग की कमान संभाल रहे हैं। मौजूदा सीजन में तीन भारतीय बल्लेबाज शतक जमा चुके हैं। इनमें शुभमन गिल, विराट कोहली और केएल राहुल के नाम शामिल हैं। टीम इंडिया ने अब तक 5 में से 4 मैचों में 200+ का स्कोर बनाया है। टीम के 5 बैटर्स 100 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

श्रीलंका के समरविक्रमा के नाम सबसे ज्यादा रन

श्रीलंकाई स्पिनर महीश तीक्षणा इंजरी के कारण फाइनल से बाहर हो गए हैं। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने तीक्षणा की चोट पर अपडेट जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि तीक्षणा फाइनल के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। श्रीलंका की ओर से एशिया कप 2023 में सबसे ज्यादा रन सदीरा समरविक्रमा के नाम है। मथीश पथिराना ने श्रीलंका के लिए सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। दूसरी ओर टूर्नामेंट के टॉप-3 बैटर्स में श्रीलंका के दो बल्लेबाज शामिल हैं। दोनों 200 रन बना चुके हैं। बीच में असालंका और समरविक्रमा रन बना रहे हैं। टीम ने 5 मैचों में 3 बार 200+ रन स्कोर किए हैं। श्रीलंका की ओर से कोई शतक नहीं आया है। दो बल्लेबाज ही 100 से ज्यादा रन बना सके हैं।

चेक रिपब्लिक के जैकब वादलेच ने जीता गोल्ड, भारत के नीरज चोपड़ा को मिला सिल्वर

डेरिल, एजेंसी

वर्ल्ड चैम्पियन भारतीय जेवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा को डायमंड लीग फाइनल 2023 में सिल्वर से संतोष करना पड़ा है। वे पिछले साल जीता हुआ अपना खिताब बचाने में नाकाम रहे। नीरज ने मौजूदा सीजन के फाइनल इवेंट में 83.80 मीटर का डिस्टेंस कवर करते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चेक रिपब्लिक के जैकब वादलेच ने 84.24 मीटर के स्कोर के साथ गोल्ड जीता। फिनिश थ्रोअर ओलिवर हेलांडर (83.74 मीटर) तीसरे स्थान पर रहे। 25 साल के नीरज ने स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में इस लीग की 11वीं मीट में 85.71 मी. के बेस्ट स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। लीग के पिछले सीजन में गोल्ड जीता था।

दूसरे प्रयास में आया नीरज का बेस्ट थ्रो: अमेरिका के यूजीन शहर में नीरज का बेस्ट थ्रो दूसरे प्रयास में आया। उनका पहला प्रयास फाउल रहा। उन्होंने शानदार वापसी करते हुए 83.80 मीटर भाला फेंका। इस स्कोर के साथ वे स्कोरबोर्ड में दूसरे नंबर पर आ गए और आखिरी तक इसी पोजिशन पर कायम रहे। नीरज ने तीसरे प्रयास में 81.37 मीटर का भाला फेंका। उनका चौथा प्रयास फाउल करार दिया गया। एथलीट नीरज चोपड़ा ने 5वें प्रयास में 80.74 मी. और छठे में 80.90 मीटर स्कोर किया। वहीं, गोल्ड जीतने वाले जैकब ने 84.01 मीटर से शुरुआत की। उनका दूसरा, तीसरा और चौथा प्रयास फाउल रहा। फिर जैकब ने 82.58 का स्कोर किया। उन्होंने आखिरी प्रयास में अपना स्कोर सुधारते हुए 84.24 मीटर का डिस्टेंस कवर किया।

मेरठ मावेरिक्स को काशी रुद्रास ने 7 विकेट से हरा दिया

कानपुर, एजेंसी

आईपीएल की तर्ज पर यूपी में पहली बार हो रही यूपी टी-20 लीग का शनिवार को फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें काशी रुद्रास ने सात विकेट से मेरठ मावेरिक्स को हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। काशी रुद्रास ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। मेरठ मावेरिक्स की टीम बल्लेबाजी करने उतरी। जिसकी खराब शुरुआत के चलते 5 ओवर में ही चार विकेट गिर गए। 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 146 रन बनाए। बल्लेबाजी करने उतरी काशी की टीम ने आसानी से टारगेट अचीव कर लिया। करण ने शर्मा ने 57 गेंदों में 76 रन बनाकर कप्तानी पारी खेली। वहीं, पूरा स्टेडियम ढोल और फिल्मी गीतों से गूंज उठा। वहीं, कनपुरियों पर मैच का फीवर चढ़ा कि वो एक-दूसरे को धक्कामुक्की करते दिखे।

Life&Style METRO

यदि सब कुछ ठीक रहा तो पृथ्वी पर 24 घंटे मिल सकेगी सौर उर्जा

एक स्पेस-बेस्ड सोलर पावर स्टेशन का कॉन्सेप्ट काफी पुराना है। 1940 के दशक में साइंस-फिक्शन राइटर आइजैक आसिमोव ने अपनी शॉर्ट स्टोरी 'रीजन' में इसका जिक्र किया था। अब साइंटिस्ट्स ने इसे लेकर पहल की है। पृथ्वी पर 24 घंटे सातों दिन सौर उर्जा मिल सके इसके लिए साइंटिस्ट्स ने स्पेस में सोलर पैनल भेजे। उन्हें इसमें सफलता भी मिली है। पहली बार स्पेस से भेजी गई सोलर एनर्जी पृथ्वी पर रिसीव हुई है। साइंटिस्ट्स ने जनवरी को MAPLE नाम का स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी के ऑर्बिट में छोड़ा था। इसमें सोलर पैनल लगे थे, जो स्पेस के तापमान और सोलर रेडिएशन को झेल सकें। साइंटिस्ट्स का मानना है कि स्पेस में लगाए जाने वाले सोलर पैनल पृथ्वी पर मौजूद पैनल्स के मुकाबले 8 गुना ज्यादा एनर्जी दे सकते हैं। आसान शब्दों में कहें तो स्पेस से मिलने वाली सोलर एनर्जी से पृथ्वी पर 8 गुना ज्यादा बिजली पैदा हो सकेगी।

एनर्जी को लेजर में बदल देते हैं...

पृथ्वी पर 18वीं सदी से ही सोलर पैनल्स के जरिए सोलर एनर्जी का इस्तेमाल हो रहा है। ये सोलर पैनल्स सोलर सेल्स से बने हैं। सोलर सेल्स ऐसी डिवाइस होती है जो सूरज के रेडिएशन को बिजली में बदलती है। आज भी दुनिया की 4 प्रतिशत बिजली सोलर पैनल्स से मिल रही है, लेकिन साइंटिस्ट्स चाहते हैं कि लोग फ्यूल-बेस्ड पावर की जगह सोलर पावर का इस्तेमाल करें। हालांकि, ये मुमकिन नहीं है क्योंकि पृथ्वी पर हर समय धूप नहीं रहती है। कई देशों में ज्यादातर समय बादल छाए रहते हैं। ऐसे में 24 घंटे सातों दिन सौर ऊर्जा मिलना संभव नहीं है। साइंटिस्ट्स ने स्पेस से पृथ्वी पर सोलर एनर्जी भेजने की कोशिशें शुरू कीं। स्पेस में जिन जगहों पर ये सोलर पैनल भेजे गए हैं और आने वाले समय में भेजे जाएंगे, वहां बादल नहीं है। दिन और रात भी नहीं होती है। नतीजा सौर ऊर्जा बिना किसी बाधा के कलेक्ट की जा सकती है। कई माइक्रोवेव पावर ट्रांसमीटर्स लगे हुए हैं। ये फ्लैग्जिबल होते हैं और इनका वजन भी काफी कम होता है। ये सिलिकॉन से बने इलेक्ट्रॉनिक चिप के जरिए काम करते हैं। ये ट्रांसमीटर्स सोलर एनर्जी को लेजर (माइक्रोवेव) में बदल देते हैं, जिससे एनर्जी आसानी से पृथ्वी तक पहुंचाई जा सके। इन्हें मनचाही जगह पर भेजा जा सकता है, जैसे- पृथ्वी पर मौजूद एनर्जी रिसीव करने वाले स्टेशन्स। ये स्टेशन पावर को नेशनल ग्रिड में फीड करता है। MAPLE से भेजी गई एनर्जी कैलिफोर्निया के पासाडेना में स्थित कैलटेक के कैंपस में लगे रिसीवर पर डिटेक्ट की गई। साइंटिस्ट्स के मुताबिक, ये अनुमानित समय और फ्रीक्वेंसी (आवृत्ति) से रिसीव हुई।

साइंटिस्ट्स चाहते हैं कि लोग सोलर पावर का इस्तेमाल करें

मौसम हुआ सुहाना

भोपाल। राजधानी में तीन दिन से हो रही बारिश ने भोपाल के तालाब को लबालब कर दिया है। वहीं हरियाली भी मन मोह रही है।

विस चुनाव को लेकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण

भोपाल, दोपहर मेट्रो

आगामी विधानसभा चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को रक्षित केंद्र और पुलिस कमिश्नर कार्यालय में चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में शनिवार को अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महावीर सिंह मुजाल्दे तथा अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू ठाकुर द्वारा सभी जोन के अधिकारी और कर्मचारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में पुलिसकर्मियों को चुनाव की थ्योरीकल तथा प्रैक्टिकल प्रक्रिया, चुनाव के पूर्व की तैयारियों, वोटिंग, मतगणना इत्यादि के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा जिम्मेदारियों के बारे में बताया गया। साथ ही चुनाव के दौरान बड़ी ही सजगता तथा जवाबदेही से ड्यूटी करने हेतु हिदायत दी गई। चुनाव आयोग एवं वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशों से अवगत कराया गया।

नाश्ता करने जा रहा मिस्त्री खुद एंबुलेंस से लेकर पहुंचा अस्पताल, इलाज के दौरान मौत

चलते ई रिक्शे से गिरा युवक, चालक छोड़कर भागा, मिस्त्री ने दी मानवता की मिसाल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

फाइल फोटो

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित रंग महल टाकिज के पास एक ई रिक्शा चालक द्वारा मानवता को शर्मशार किए जाने का मामला सामने आया है। दरअसल, चलते ई रिक्शा से एक युवक गिर गया और सिर में गंभीर चोट होने के कारण उसे गंभीर चोट आई थी। ई रिक्शा चालक उसे अस्पताल ले जाने की बजाय मौके पर ही घायल छोड़कर भाग निकला। इसी बीच एक मिस्त्री ने मानवता की मिशाल पेश की और खुद घायल को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचा और उसे भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान चार दिन बाद शनिवार को युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ई रिक्शा चालक पर मामला दर्ज कर उसकी तलाश कर रही है।

प्रधान आरक्षक मनोज सिंह ने बताया कि 12 सितंबर की दोपहर एक 26 साल का युवक रोशनपुरा से ई रिक्शे में सवार हुआ था। रंग महल चौराहा के पास सिग्नल पर ई रिक्शा के चालक ने ब्रेक लगाए और वह आटो से बाहर गिर गया। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई थी। भीड़ इकट्ठा होने लगी तो ई रिक्शा चालक डर गया और कहने लगा कि मैं इसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचा रहा हूं। इसके बाद उसने युवक को ई रिक्शे में बिठाया और जीटीबी कांप्लेक्स के पास घायल अवस्था में छोड़ दिया।

तेज बारिश के बीच मोहित शर्मा की पड़ी नजर

घटना के समय तेज बारिश हो रही थी। इसी बीच पत्रकार कॉलोनी के पास रहने वाले टाइल्स फिटिंग करने वाले मिस्त्री मोहित शर्मा पुराने शहर जा रहे थे। तेज बारिश होने के कारण वह रंग महल चौराहा के पास रुक गए। उन्होंने हादसा देखा था। वह जीटीबी कांप्लेक्स के पास पहुंचे तो उन्हें घायल युवक नजर आया। उन्होंने घायल की मदद करने की ठान ली। माहित शर्मा के दोस्त के दोस्त ने कहा भी था कि पुलिस के पचड़े में मत पड़, लेकिन वे नहीं मानें और उन्होंने तत्काल 108 एंबुलेंस बुलाई और खुद एंबुलेंस से घायल को लेकर अस्पताल पहुंचे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल की पहचान विनोद प्रजापति (26) निवासी कुम्हार मोहल्ला, पुरानी विधान सभा के पास अरेरा हिल्स के रूप में कर ली। दो दिन बाद 14 सितंबर को घायल की पहचान हुई थी। परिजन उसका हमीदिया में इलाज करा रहे थे, वहां इलाज के दौरान शनिवार शाम विनोद की मौत हो गई। विनोद स्मार्ट सिटी पार्क में माली का काम करता था।

ज्वैलर्स और पान की दुकान से हजारों का सामान चोरी

फाइल फोटो

भोपाल, दोपहर मेट्रो

निशातपुरा स्थित एक ज्वैलर्स और शाहजहांनाबाद में पान की दुकान से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक कुलदीप सोनी की पीपल चौराहा करोंद में ज्वैलर्स की दुकान है। बदमाशों ने दुकान के पीछे सेंध लगाकर भीतर प्रवेश किया और चांदी के बर्तन, सिक्के, मूर्ति और नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। इधर माडल ग्राउंड शाहजहांनाबाद स्थित मोहम्मद अनीस की पान दुकान से चोर बीड़ी, सिगरेट, गुटखा पाउच और तीन हजार रुपए नकदी समेत हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

कालेज के कमरे से आठ कम्प्यूटर चोरी

भोपाल। गांधी नगर स्थित एक कालेज से चोर आठ नग कम्प्यूटर चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक आरजीपीवी परिसर स्थित एक कमरे की कुंदी खोलकर भीतर घुसे चोर आठ कम्प्यूटर चोरी कर ले गए। पुलिस ने इस मामले में प्रीतम पाल की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। चोरी गए कम्प्यूटरों की कीमत का खुलासा नहीं हो पाया है। इधर साजिदा नगर कोहेफिजा से अनस खान की स्कूटर और करोंद सब्जी मंडी निशातपुरा से जयसिंह की मोटर सायकिल चोरी चली गई। इसी प्रकार अशोक नगर ऐशबाग से कपिल रैकवार, अयोध्या नगर चौराहे से देवेंद्र पाल और गौतम नगर स्थित अलीगंज से मोहम्मद सैफी की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

चोरी का 80 हजार का माल बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

भोपाल, दोपहर मेट्रो

गौतम नगर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का अस्सी हजार रुपए का माल बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक दो दिन पहले एक ट्रांसपोर्टर ने इस मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। ट्रांसपोर्टर ने पुलिस को बताया कि 19 बोरी परचून, जिसमें पैकिंग मटेरियल, पन्नी के कार्टून तथा अन्य सामान रखा था, वह चोरी हो गया है।

पुलिस ने इस मामले में आरोपी अब्दुल सलमान उर्फ हसीन (26) निवासी नबाब कालोनी और शानू उर्फ नन्ना (25) निवासी न्यू आरिफ नगर को गिरफ्तार किया है। आरोपी सलमान थाना छोला मंदिर में दर्ज आबकारी एक्ट में वर्ष 2019 से फरार चल रहा था। उसके खिलाफ स्थाई वारंट भी जारी किया गया था।

बालिका आश्रम और सूने मकान से हजारों का सामान चोरी

भोपाल। टीला जमालपुरा स्थित एक बालिका आश्रम और गोविंदपुरा स्थित सूने मकान से चोर हजारों का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक पुतलीघर टीला जमालपुरा स्थित बालिका आश्रम का ताला तोड़कर चोर कैमरा और दस हजार रुपए नकदी समेत हजारों का सामान चारी कर ले गए। पुलिस ने राजश्री सूर्यवंशी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इधर गोविंदपुरा थानांतर्गत डी-सेक्टर में रहने वाले सुरेश कैथवास के सूने मकान से चोर सोने की अंगूठी, चांदी के सिक्के और नकदी 15 हजार रुपए समेत करीब 40 हजार का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए बुजुर्ग ने इलाज के दौरान तोड़ा दम

भोपाल। रातीबड इलाके में मंदिर की सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए एक बुजुर्ग ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक बाबूलाल जैन (81) नेहरू नगर में रहते थे। बीती 10 सितंबर को वह समसग? रातीबड़ स्थित जैन मंदिर में पूजन के लिए पहुंचे थे। दोपहर के समय वह मंदिर की सीढ़ियों से गिरकर घायल हो गए थे। उनके सिर में चोट आई थी। परिजनों ने बाबूलाल को इलाज के लिए एम्स अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शुक्रवार रात उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने दर्ज किया अमानत में खयानत का मामला

पांच सौ रुपए प्रतिदिन के किराए पर ली कार दूसरे को गिरवी रखी

भोपाल, दोपहर मेट्रो

शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर चार आरोपियों पर अमानत में खयानत का मामला दर्ज किया है। महिला का आरोप है कि उसकी स्वीफ्ट डिजायर कार आरोपी ने पांच सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से ली थी। तीन महीने से वह न तो कार का किराया दे रहा है और न ही कार लौटा रहा है। जब कार लेने वह आरोपी के घर पहुंची तो पता चला कि उसने कार अपने परिचित के पास गिरवी रख दी है।

एसआई पवन सेन ने बताया कि जीनत खान पति स्वर्गीय मोहम्मद सईद खान (40) मॉडल ग्राउंड के पास शाहजहांनाबाद में रहती हैं। उनके पति का निधन हो चुका है और फिलहाल वह अपने मायके में रह रही है। जीनत खान ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके पति ने अपनी स्वीफ्ट डिजायर कार राजेश मौर्य को पांच सौ रुपए प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर दी थी। करीब तीन महीने हो गए राजेश ने किराया नहीं दिया। राजेश से कार वापस मांगी तो वह आनाकानी करने लगा। जीनत उसके घर पहुंची तो पता चला कि उसने कार अपने परिचित अनस के पास गिरवी रखी है। अनस के पास पहुंचने पर पता चला कि उसने फैसल को कार दे दी। इसी क्रम में फैसल ने कार नौशाद को दे दी। जीनत खान नौशाद के पास पहुंची तो उसने एक लाख रुपए देकर कार वापस लेने की बात कही। पीड़िता ने घटना की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों के पास की थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश के बाद शाहजहांनाबाद पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया है।

मेट्रो एंकर नजीराबाद का मामला....

शराब तस्कर से पांच लीटर देशी शराब जब्त

भोपाल, दोपहर मेट्रो

फाइल फोटो

नजीराबाद पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब जब्त की की है। इसी तरह पुलिस ने शराब की तस्करी करने वालों अन्य तस्करों पर आबकारी एक्ट का मामला दर्ज करते हुए उसने शराब जब्त की।

पुलिस का कहना है कि शराब तस्करों के खिलाफ यह महिम लगातार जारी रहेगी। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि सुराना जोड़ पर एक संदिग्ध खड़ा है और उसके पास कच्ची शराब रखी हुई है। उक्त शराब वह बेचने की नीयत से घूम रहा है। हरकत में आई पुलिस ने इलाके की घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से पांच लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। आरोपी की पहचान नजीराबाद निवासी गोलू प्रजापति पिता बृजमोहन प्रजापति के रूप में की गई। इसी तरह पुलिस ने ग्राम बाक्सी नजीराबाद निवासी सोनू उर्फ गुलाब सिंह अहिरवार को गिरफ्तार कर उसके पास से 18 क्वार्टर देशी शराब जब्त की। ईंटखेड़ी पुलिस ने भी यशवंत सिंह ठाकुर को गिरफ्तार कर उसके पास से 18 क्वार्टर शराब जब्त की है।

नजीराबाद में सर्पदंश से किशोर की मौत

भोपाल। नजीराबाद में रहने वाले एक किशोर की सर्पदंश के चलते मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के मुताबिक कपिल पाल पुत्र दीपसिंह (15) ग्राम रुनाहा थाना नजीराबाद में रहता था और स्कूली छात्र था। शुक्रवार की शाम को वह दूध लेने के लिए घर से निकला था, तभी रास्ते में उसे सांप ने डस लिया। परिजनों ने उसे इलाज के लिए भैंसाखेड़ी स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां शनिवार सुबह कपिल ने दम तोड़ दिया।

ज्योतिष परामर्श

ज्योतिष शास्त्र में जन्मकुंडली किसी व्यक्ति के जीवन के सटीक आंकलन का दस्तावेज है। जीवन में सितारों और ग्रहों की चाल के विश्लेषण के माध्यम से करियर, शिक्षा, प्रेम, जीवन के बारे में सटीक अनुमान जानने व सही निर्णय लेने में सक्षमता के लिए संपर्क करें

श्रुति रावत ज्योतिषाचार्य व कुंडली विशेषज्ञ

व्हाट्सएप नं.
7869267010
कॉलिंग नंबर
7415497010
shrutirawat16@gmail.com

परामर्श का समय : दोपहर 3 से 5 बजे तक, शुल्क : 501 रुपए

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
संपादक आशीष दुबे* आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022